

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 4 अप्रैल 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-006 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# जग्गी हत्याकांडः तत्कालीन सीएसपी, टीआई समेत 27 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा बरकरार

## हाईकोर्ट ने आज सुनाया फैसला , अमित जोगी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बिलासपुर,4 अप्रैल.**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अपने अहम फैसले में एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी मर्डर केस के 27 दोषियों की अपील को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद वर्मा की डिवीजन बेंच ने आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है।

डिवीजन बेंच ने बीती 29 फरवरी को रामअवतार जग्गी हत्याकांड के दोषियों की अपील पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर गुरुवार को आदेश जारी किया गया है। उम्रकैद की सजा पाने वालों में 1 तत्कालीन सीएसपी एएस गिल,एक तत्कालीन मौदहापारा थाना प्रभारी वीके पांडे तथा निरीक्षक आर सी त्रिवेदी के अलावा रायपुर मेयर एजाज ढेबर के भाई याहया ढेबर और शूटर चिमन सिंह शामिल हैं। 4 जून 2003 को एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में 31 अभियुक्त बनाए गए थे। जिनमें से दो बुल्टू पाठक और सुरेंद्र सिंह सरकारी गवाह बन गए थे। अमित जोगी को छोड़कर बाकी 28 लोगों को सजा मिली थी। स्थानीय अदालत ने मुख्य आरोपी अमित जोगी को बरी कर दिया था। रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अमित जोगी को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की, जिस पर अमित के पक्ष में स्टे है।

### तत्कालीन राज्य सरकार प्रायोजित थी हत्या

इधर, हाईकोर्ट में अपील पर रामअवतार जग्गी के बेटे सतीश जग्गी के अमित जोगी की दोषमुक्ति के खिलाफ पेश क्रिमिनल अपील पर उनके अधिवक्ता बीपी शर्मा ने तर्क दिया और बताया कि हत्याकांड की साजिश तत्कालीन राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित थी। जब सीबीआई की जांच शुरू हुई, तब सरकार के प्रभाव में सारे सबूतों को मिटा दिया गया था। ऐसे केस में सबूत अहम नहीं हैं, बल्कि षड्यंत्र का पर्दाफाश जरूरी है। लिहाजा, इस केस के आरोपियों को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त नहीं किया जा सकता। अभियुक्तों की तरफ से उनके वकीलों ने बहस की। उन्होंने हत्याकांड में पर्याप्त सबूत के बिना सजा देने की बात कही। वहीं, सीबीआई की ओर से दलील दी गई और बताया गया कि किस आधार पर हत्याकांड की जांच कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई थी। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद अहम फैसला देते हुए आरोपियों की अपील खारिज कर दी। इस फैसले के बाद जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### इन दोषियों की अपील पर फैसला

जग्गी हत्याकांड में दोषी अभय गोयल, याहया ढेबर, वीके पांडे, फिरोज सिद्दीकी, राकेश चंद्र



त्रिवेदी, अवनीश सिंह लल्लन, सूर्यकांत तिवारी, अमरीक सिंह गिल, चिमन सिंह, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, विनोद सिंह राठौर, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, (मृत) विक्रम शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर की ओर से अपील की गई थी।

### रायपुर मेयर एजाज ढेबर का भाई है याहया ढेबर

रामअवतार जग्गी हत्याकांड का मुख्य आरोपी याहया ढेबर रायपुर ढेबर बंधुओं में से एक है। पांच भाइयों में एजाज ढेबर रायपुर के मौजूदा मेयर हैं। वहीं, एक भाई अनवर ढेबर शराब कारोबारी है। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला केस में श्रष्ठ ने उसे 6 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, हालांकि बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### जाने कौन थे रामअवतार जग्गी

कारोबारी बैकग्राउंड वाले रामअवतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थी। शुक्ल जब कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए। विद्याचरण ने जग्गी को छत्तीसगढ़ में एनसीपी का कोषाध्यक्ष बना दिया।

### जग्गी की हत्या से पहले प्रदेश के सियासी हालात

छत्तीसगढ़ अलग प्रदेश बना तब विधानसभा में कांग्रेस का बहुमत था। कांग्रेस की ओर से सीएम पद की रेस में विद्याचरण शुक्ल का नाम सबसे आगे चल रहा था, लेकिन आलाकमान ने अचानक अजीत जोगी को मुख्यमंत्री बना दिया। इस वजह से पहले नाराज चल रहे विद्याचरण पार्टी में अपनी अनदेखी से और ज्यादा नाराज हो गए। नवंबर 2003 में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही उन्होंने कांग्रेस छोड़कर एनसीपी जॉइन कर ली। एनसीपी के बढ़ते दायरे से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होने का डर सताने लगा। जग्गी की हत्या से कुछ दिन पहले ही एनसीपी की बड़ी रैली होने वाली थी, जिसमें शरद पवार समेत पार्टी के कई बड़े नेता आने वाले थे।

### परिवार को जान का खतराः सतीश जग्गी

रायपुर. कांग्रेस नेता और स्व. रामअवतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी ने कहा, मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है. मैंने सरकार से सुरक्षा मांगी है. क्योंकि मुझे कोर्ट के काम से लगातार बाहर आना-जाना करना पड़ता है. और मैं जिन लोगों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहा हूँ वो किस प्रभावशाली वर्ग के हैं यह सभी जानते हैं. 21 सालों से जारी हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है. हाईकोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला दिया है. और इस मामले के जो नामजद 27 आरोपी है उनकी उम्रकैद की सजा बरकरार रखा है. जमानत में जो आरोपी अभी बाहर उन्हें वापस जेल जाना पड़ेगा. लेकिन इस मामले में आरोपी रहे अमित जोगी कोर्ट ने दोषमुक्त कर बरी कर दिया था. उनके खिलाफ भी लड़ाई जारी है.



## संक्षेप

### अमित शाह 6 को व मोदी 8 को आएंगे छत्तीसगढ

**रायपुर,4 अप्रैल.** लोकसभा चुनावी को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के बाद बीजेपी अब लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी शिद्दत से जुट चुकी है। बीजेपी के चुनावी अभियान को और गति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह भी छत्तीसगढ़ आने वाले हैं । जहां वे लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे और एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं । पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण का 26 अप्रैल और तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होने है । पहले चरण में बस्तर, दूसरे चरण में कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा सीट में चुनाव होना है। इसी चुनाव अभियान की गति को दिशा देने बीजेपी के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 अप्रैल को कवर्धा आएंगे जहां वे भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करेंगे। तो वहीं पीएम मोदी भी 8 अप्रैल को बस्तर आएंगे। जहां वे एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

### 92 बल्क लीटर शराब जब्त

**महासमुंद ,4 अप्रैल.** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देश पर आबकारी विभाग महासमुंद की सतत कार्रवाईं जारी है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में दिनांक मंगलवार को मुखबिर से सूचना व शिकायत पर बागबाहरा तेंदूकोना स्थित शेरे पंजाब ढाबा, थाना-तेंदुकोना में आरोपी के क़ब्ज़े से 390 नग पाव प्लेन शराब, कुल मात्रा 70.200 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब बरामद किया गया तथा दूसरी कार्रवाई में तेंदुकोंना में ही नाला किनारे एक अन्य आरोपी के कब्जे से 125 नग पाव देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 22.500 बल्क लीटर जुमला 92.700 बल्क लीटर, बाजार मूल्य 46350 रुपए जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क)34(2), 59 क के तहत गैर जमानती प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक कुंजराम ध्रुव, नगर सैनिक बाल कृष्ण प्रधान, प्रदीप प्रधान तथा वाहन चालक संतू का विशेष योगदान रहा।

### जेल से निकलते ही अरविंद सिंह फिर गिरफ्तार

रायपुर 4 अप्रैल 2024। शराब घोटाले में एसीबी/ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई की है। अरविंद सिंह को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार कर लिया है। शराब घोटाले में अरविंद सिंह पहले से ही जेल में बंद थे। जमानत के बाद जैसे ही वो जेल से बाहर आये, उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। देर रात अरविंद सिंह जेल से रिहा हुए थे। आपको बता दें कि रायपुर जेल में बंद 2200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के आरोपित अरविंद सिंह को एक लाख रुपए के मुचलके पर सशर्त जमानत मिली थी। हाईकोर्ट बिलासपुर में जस्टिस पार्थ प्रीतम साहू की कोर्ट ने जमानत आदेश जारी किया है। 21 मार्च को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने दो अप्रैल को जारी फैसले में सशर्त जमानत दी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष और डा. सौरभ कुमार पांडे ने ईडी की तरफ से पैरवी की थी। जेल से बाहर आने के दूसरे दिन ही एसीबी/ईओडब्ल्यू की टीम ने पकड़ा है।

### मथुरा से भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी ने भरा पर्चा

**मथुरा ,04 अप्रैल ।** ड्रीम गर्ल के नाम से मशहूर दो बार से भाजपा की सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को मथुरा लोक सभा सीट से अपना नामांकन किया। उनके साथ यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे।

# आपका सपना, मेरा संकल्पः मोदी

**पटना,4 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक रैली के साथ बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। चुनाव की घोषणा के बाद जमुई में हुई रैली राज्य में उनका पहला प्रचार कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि आज जमुई की इस धरती पर उमड़ा जनसैलाब बता रहा है कि जनता का मूड क्या है। जमुई से भाजपा और एनडीए के पक्ष में उठी ये हुंकार बिहार के साथ ही पूरे देश में गूंज रही है। उन्होंने कहा कि आज इस मंच से एक कमी हम सबको महसूस हो रही है। हमारे लिए ये पहला ऐसा चुनाव है, जब बिहार के बेटे, दलितों-वंचितों के प्रिय और मेरे परम मित्र पद्म भूषण से सम्मानित रामविलास पासवान जी हमारे बीच नहीं हैं। मुझे संतोष है कि रामविलास जी के विचार को मेरे छोटे भाई चिराग पासवान पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है। बिहार की इस धरती ने आजादी की लड़ाई में और स्वतंत्र भारत की नींव मजबूत करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद बिहार के सामर्थ्य के साथ न्याय नहीं हो पाया। बिहार को ह्रष्ठ गठबंधन बहुत ही परिश्रम से एक बड़े दलदल से बाहर निकाल कर लाया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत, दुनिया को दिशा दिखाता



है। अब दुनिया देख रही है कि केवल 10 वर्षों में भारत की साख और हैसियत कैसे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि रेलवे में भर्ती के नाम पर जो लोग गरीब युवाओं से जमीन लिखवा लें, वो बिहार के युवाओं का कभी भला नहीं कर सकते।

मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन वालों के समय में केवल खस्ताहाल ट्रेनें चलती थीं। लेकिन अब पूरे देश की तरह ही बिहार के लोग भी वंदेभारत ट्रेन में सफ्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल में जो हुआ वो तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना है। अभी तो हमें देश को, बिहार को बहुत आगे लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि ये मोदी गरीबी के ताप को सहकर यहां पहुंचा है, इसलिए हर गरीब के सपने का महत्व भलीभांति जानता है, उसे जीने का प्रयास करता है। आपका सपना ही मेरा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज देश के सारे भ्रष्टाचारी, जो हमेशा एक दूसरे से लड़ते थे, अब मिलकर मोदी के खिलाफहो गए हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ एनडीए सरकार है, जो नए उद्योग लगाने की बात करती है। दूसरी ओर ये लोग हैं, जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ एनडीए सरकार है, जो सोलर पावर और एलईडी लाइट की बात करती है। दूसरी ओर ये घमंडिया गठबंधन वाले लोग हैं, जो बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में राम मंदिर का 500 वर्ष पुराना सपना पूरा हुआ है, जबकि आरजेडी-कांग्रेस ने राम मंदिर न बने, इसके लिए पूरी ताकत लगा दी थी। आज भी ये लोग राम मंदिर का उपहास उड़ाते हैं, अपमान करते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हो या आरजेडी... इन्होंने हर मौके पर बिहार और बिहारी गौरव का अपमान किया है। यही कांग्रेस और आरजेडी थी, जिसने कर्पूरी ठाकुर का अपमान किया था। अभी कुछ ही समय पहले हमारी सरकार ने बिहार के गौरव कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया, तब भी इन लोगों ने उसका विरोध किया।

# मुझे पीएम और राष्ट्रपति पद की पेशकश की जाए तो भी भाजपा में शामिल नहीं होऊंगा : सिद्धारमैया

**बेंगलुरू,4 अप्रैल.** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि भले ही उन्हें देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद की पेशकश की जाए, लेकिन वह कभी भी भाजपा में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा उम्मीदवार एम. लक्ष्मण के लिए वोट मांगने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एससी-एसटी कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक ताकत तभी आती है जब हमारे पास वैचारिक स्पष्टता होती है। लोगों को बीजेपी-आरएसएस के जाल में नहीं फंसना चाहिए। सिद्धारमैया ने कहा देवेगौड़ा, जिन्होंने कहा था कि अगर मोदी प्रधानमंत्री बने तो वह देश छोड़ देंगे, अब कह रहे हैं कि उनका मोदी के साथ अटूट रिश्ता है। राजनेताओं को वैचारिक स्पष्टता रखनी चाहिए। बीजेपी और आरएसएस सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। इसलिए उन्हें आरक्षण पसंद नहीं है। आरक्षण कोई भीख नहीं है। यह उत्पीड़ित समाज का अधिकार है। जब तक समाज में जाति व्यवस्था है, आरक्षण रहना चाहिए। क्या हमें आरएसएस से हाथ मिलाने के लिए जेडीएस की आलोचना नहीं करनी चाहिए? कांग्रेस ने बजट में दलित आबादी के अनुसार धन आवंटित करने के लिए एक कानून पारित किया है। हमारी सरकार ने विकास निधि का 24.1 प्रतिशत अलग रखने के लिए एक कानून पारित किया है। यह प्रगतिशील कानून है देश में किसी भी भाजपा सरकार ने इसे लागू नहीं किया है, केवल हमारी कांग्रेस सरकार ने ही इसे लागू किया है।

# कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए गौरव वल्लभ

## सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकता



**नई दिल्ली,4 अप्रैल.** पूर्व कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस पार्टी से अपने इस्तीफे पर गौरव वल्लभ ने कहा कि मैंने मल्लिकार्जुन खड़गे को एक विस्तृत पत्र लिखा है और अपनी सारी भावनाएं व्यक्त की हैं। मुझे कांग्रेस पार्टी की चुप्पी से दुख हुआ जब गठबंधन के कुछ बड़े नेताओं ने सनातन और राम मंदिर पर पार्टी के रुख का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में, कांग्रेस पार्टी दिन-रात देश के धन सृजनकर्ताओं को गाली देती है... मैं स्पष्ट था इन बातों को लेकर पार्टी मंच पर भी कई जगह इस मामले को उठाया। गौरव ने कहा कि कांग्रेस अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है। उन्होंने कहा कि सनातन विरोधी नारे नहीं लगा सकता.

पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि जमीनी स्तर पर जुड़ाव खत्म होने के कारण कांग्रेस न तो विपक्ष के कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से निभा पा रही है और न ही सत्ता में आ पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी सकारात्मक बदलाव तब तक संभव नहीं है जब तक पार्टी कार्यकर्ता अपने मुद्दों को अपने नेताओं के साथ सीधे संवाद करने में सक्षम नहीं होंगे। गौरव वल्लभ ने आगे कहा कि 1991 की उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण नीतियों के वास्तुकार होने के बावजूद भारत के धन सृजनकर्ताओं के संबंध में पार्टी का रुख हमेशा उन्हें गाली देना और अपमानित करना रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एक तरफ पार्टी जाति जनगणना की बात करती है और दूसरी तरफ हिंदू विरोधी राजनीतिक दल नजर आ रही है।

# जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करना जरूरी : गुलाम नबी

**श्रीनगर,4 अप्रैल.** अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने के एक दिन बाद, डीपीएपी अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आज़ाद ने कहा कि लोगों को 35ए जैसी अन्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करना आवश्यक है। हालांकि प्रधान मंत्री (नरेंद्र मोदी) और केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) ने स्वीकार किया है कि वे हमें राज्य का दर्जा देंगे, हालांकि, इसके आसपास की चर्चाओं से पता चलता है कि यह दिल्ली या पुडुचेरी जैसा होगा। हर फाइल और कैबिनेट का फैसला उपराज्यपाल के पास से गुजरेगा। यह हमारे लिए अस्वीकार्य है। सिर्फ मुझसे ही नहीं बल्कि मैं जम्मू-कश्मीर में किसी से भी नहीं कहूंगा। आज़ाद ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद उन्होंने संसद में जो लड़ाई शुरू की थी, वह ''अपने तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है।'

चुनाव लड़ने के अपने फैसले पर, आजाद, जो डीपीएपी के प्रमुख के रूप में अपना पहला चुनाव लड़ रहे हैं, ने कहा, मुझे लगता है कि



लोकसभा में एक और लड़ाई की जरूरत थी। जब जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया, जल्दबाजी में अनुच्छेद 370 और 35ए हटा दिया गया, तो निराशा की उस स्थिति में मैं संसद के पटल पर विरोध में बैठ गया। उस दिन का मेरा बयान रिकॉर्ड में है। आज़ाद ने कहा कि हम वही राज्य चाहते हैं जो सदियों से अस्तित्व में है। विधानसभा चुनावों से पहले मैं संसद में अपनी स्थिति, अपनी आवाज़ और अपने प्रभाव का उपयोग उस राज्य का दर्जा (जम्मू-कश्मीर को) बहाल करने के लिए करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के दर्जे से जुड़ी चीजें जो हमसे छीन ली गई हैं, जैसे 35ए भी बहाल की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि जब तक अनुच्छेद 35ए लागू था, जम्मू-कश्मीर के बाहर का कोई भी व्यक्ति यहां जमीन नहीं खरीद सकता था या नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर सकता था। हमारी नौकरियाँ सीमित हैं और अगर बाहर से भी लोग आने लगेंगे, तो हमें इसका केवल एक छोटा सा हिस्सा ही मिलेगा। हमारे युवाओं के पास वैसे भी नौकरियों की कमी है। इन युवाओं और उनके परिवारों के जीवन की खातिर, हमें रोजगार को जम्मू-कश्मीर के लोगों तक सीमित करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा मिलने का तात्कालिक लाभ यह होगा कि राज्य सरकार इस तरह के प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी विधानसभा में कानून बना सकती है।

# कांग्रेस में 5 पावर सेंटर : निरुपम

**मुंबई,4 अप्रैल.** कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने पूर्व मुंबई प्रमुख संजय निरुपम को निष्कासित करने के एक दिन बाद पूर्व सांसद ने पार्टी पर निशाना साधते हुए इसे संगठनात्मक रूप से परेशान बताया। कांग्रेस संगठनात्मक रूप से एक जर्जर पार्टी है। कई लोग पहले ही इसमें वैचारिक गड़बड़ी की ओर इशारा कर चुके हैं. भारत अब एक धार्मिक देश बन गया है। नेहरूवादी धर्मनिरपेक्षता ने हिंदुओं को अपने ही धर्म से डरने पर मजबूर कर दिया है। संजय निरुपम ने कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी में एक पावर सेंटर हुआ करता था... लेकिन इस समय कांग्रेस पार्टी में पांच पावर सेंटर है और पांचों की अपनी लॉबी है जो आपस में टकराती रहती है। इन पांचों सेंटर में सबसे पहले सोनिया गांधी हैं, दूसरे सेंटर में राहुल गांधी, तीसरे में प्रियंका गांधी, चौथे में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और आखिरी में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल जी हैं। यह सब अपने प्रकार से राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी से अपने निष्कासन पर संजय निरुपम ने कहा कि मैंने कल एक घोषणा की और लगभग बजे



मल्लिकार्जुन खरगे जी को अपना इस्तीफा भेज दिया। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई पार्टी है और पार्टी के नेताओं ने भी कहा है कि इसकी विचारधारा दिशाहीन है। पूर्व सांसद ने पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका निष्कासन उनके इस्तीफा भेजने के कुछ ही क्षण बाद हुआ। जहां निरुपम मुंबई उत्तर-पश्चिम से चुनाव लड़ना चाहते थे, वहीं कांग्रेस की सहयोगी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने अमोल कीर्तिकर को उम्मीदवार घोषित किया।

निरुपम ने मुंबई की छह लोकसभा सीटों में से चार पर उम्मीदवारों की घोषणा के बाद राज्य कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला था, जिसमें मुंबई उत्तर पश्चिम सीट भी शामिल थी, जिस पर उनकी नजर है। निरुपम ने कहा था कि कांग्रेस नेतृत्व को खुद को शिवसेना (यूबीटी) के हाथों झुकने की इजाजत नहीं देनी चाहिए। पार्टी नेतृत्व के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर मुंबई इकाई के पूर्व प्रमुख संजय निरुपम के खिलाफ बुधवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि पार्टी ने पूर्व सांसद को स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है। पटोले के हवाले से कहा गया कि पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची से निरुपम का नाम हटा दिया है और पार्टी और राज्य इकाई नेतृत्व के खिलाफ उनके बयानों के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है।

# नींबू-मिर्ची की माला पहनकर नामांकन फॉर्म भरने पहुंचा निर्दलीय प्रत्याशी

**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव के रण में कई रंग दिखाई दे रहे हैं. लोग अपने-अपने अंदाज में इस लोकसभा के रण को जीतने के लिए जुगत लगाए हुए हैं. कई राष्ट्रीय पार्टी की उम्मीदवार दलबल के साथ नामांकन भर रहे हैं, तो कई निर्दलीय प्रत्याशी अलग अंदाज में नामांकन भरने पहुंचकर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं. आज राजनांदगांव लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने समोसा बेचने वाले निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली अनोखे अंदाज में पहुंचे. वे अपने गले में नींबू-मिर्ची की माला पहने हुए थे. राजनंदगांव लोकसभा सीट का चुनाव काफी दिलचस्प नजर आ रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल यहां से कांग्रेस उम्मीदवार है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से संतोष पांडे एक बार फिर इस लोकसभा के रण को जितने जोर आजमाइश कर रहे हैं. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी इस सीट पर अपनी छाप छोड़ने के लिए कई जुगत लगा रहे हैं. आज अनोखे अंदाज में नामांकन दाखिल करने कवर्धा जिले के निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली पहुंचे. यहां उन्होंने अपने गले में नींबू और मिर्च की माला पहनी हुई थी. वहीं बोल बम के नारे लिखे लाल कुर्ता धारण किया हुआ था. अपने इस अनोखे वेशभूषा को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अजय पाली ने कहा कि हम किसी शुभ काम की शुरुआत करते हैं तो लोगों



की नजर से बचाने के लिए नींबू-मिर्ची लगते हैं. इसी सोच को लेकर मैंने भी यहां नींबू और मिर्च की माला पहनी हुई है. उन्होंने कहा कि यह उनका 12 चुनाव है, वह कई चुनाव में अपनी उम्मीदवारी निभा चुके हैं, लेकिन इस बार उन्हें जरूर जीत मिलेगी. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों को मतदाता काफी मौका देते हैं. ऐसे में दूसरे निर्दलीय प्रत्याशियों को भी मौका मिलना चाहिए. उन्होंने कहा, वे जनता के बीच भी इसी तरह नींबू और मिर्च की माला लटक कर प्रचार-प्रसार में जाएंगे और उनका मुद्दा भुखमरी-बेरोजगारी होगा. नींबू-मिर्च की माला गले में पहन कर अनोखे अंदाज में नामांकन फॉर्म भरने पहुंचे अजय पाली पर सभी की निगाह टिकी रही.

संपादकीय

## केजरीवाल अंदर गए और संजय सिंह बाहर आए

राजनीति में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहते हैं,मामलों की जांच होती रहती है, लोग गिरफ्तार होते रहते हैं, जेल भेजे जाते हैं, महीनों जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर भी आते रहते हैं। उनके जेल जाने पर जितनी राजनीति होती है, उनके जेल से बाहर आने पर भी उतनी ही राजनीति होती है,उनको जमानत नहीं मिलने पर जितनी राजनीति होती है, उनको जमानत मिलने पर भी उतनी ही राजनीति होती है।केजरीवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जब केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था तो आप सहित विपक्ष के नेताओं की तरफ से कहा गया था कि चुनाव के पहले विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार कर भाजपा उनको लोकसभा चुनाव में प्रचार नहीं करने देना चाहती है। विपक्ष के नेताओं को ही गिरफ्तार कर विपक्ष को दबाने,डराने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्ष के नेताओं को भाजपा में शामिल होने के लिए इस तरह डराया जा रहा है। विपक्ष से भाजपा डर गई है इसलिए विपक्ष के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। हकीकत में केजरीवाल को जेल तो कोर्ट ने भेजा है। केजरीवाल के खिलाफ सबूत हैं तब ही तो उनको जमानत नहीं दी गई है और जेल भेज दिया गया है। इससे आप में नेतृत्व को संकट पैदा हो गया था तो केजरीवाल ने इस स्थिति का फायदा उठाने के लिए अपनी पत्नी का उपयोग शुरू कर दिया था। एक तरह वह पार्टी नेताओं को अपनी पत्नी के जरिए संदेश दे रहे थे कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे, जेल में रहने पर भी वह सीएम बने रहेंगे। इसी के साथ उन्होंने अपनी पत्नी को कद पार्टी में बढ़ाने के लिए उसे दिल्ली की रैली में भेजा, उनके मुंह से छह गारंटियां कहलवा दी। उनको अपनी जगह नेता मानने का संदेश दिया। यानी जेल के बाहर केजरीवाल की जगह अब उनकी पत्नी है। उनकी पत्नी को विधायकों पर पकड़ मजबूत करने के लिए विधायकों की बैठक बुलाकर यह संदेश दे दिया गया कि सभी विधायक केजरीवाल के साथ है। सभी विधायक चाहते हैं कि केजरीवाल ही सीएम बने रहें। कानून तो वैसे ही केजरीवाल को सीएम बने रहने से रोकता नहीं है, अब जब उनके विधायक उनके कहने पर मुहर लगा दी है तो उनके सीएम बने रहने का आधार और मजबूत हो जाता है। यह सब तैयारी इसलिए है कि केजरीवाल को मान लो इस्तीफा देना पड़ गया तो उनकी पत्नी आसानी से उनकी जगह ले सकें। पार्टी में पत्नी की जगह नंबर एक बनाने के लिए ही केजरीवाल ने आतिशी व सौरभ का नाम लिया है कि नायर तो इन दोनों को रिपार्ट करता था। केजरीवाल की पूरी कोशिश है कि वह खुद को बचाएं, भले ही उनकी जगह और दो चार लोग जेल चले जाएं। जैसे कांग्रेस के लिए गांधी परिवार जरूर है, वैसे ही आप के लिए केजरीवाल व परिवार को जरूर बनाया जा रहा है। यानी पार्टी परिवार की है तो वह परिवार की ही रहनी चाहिए। केजरीवाल अपने मोहरे सही जगह बिठा रहे थे कि उनको उम्मीद नहीं थी संजय सिंह को जमानत मिल जाएगी। अब जब संजय सिंह को जमानत मिल गई है और बाहर आ गए हैं तो केजरीवाल का परेशान होना स्वाभाविक है। खुद केजरीवाल ने कई लोगों को धोखा देकर पार्टी पर कब्जा किया है तो उसे डर लगना स्वाभाविक है कि उनके जेल में रहने पर कोई दूसरा भी कब्जा कर सकता है। संजय सिंह को मौका मिला तो वह क्यों आप पर कब्जा कर सीएम नहीं बनना चाहेंगे। आखिर वही तो बाहर है, एक व दो नंबर के नेता जेल में है तो उनका सीएम बनना स्वाभाविक है। इसके लिए वह राज्यसभा से इस्तीफा देकर छह माह में चुनाव लड़ सकते हैं। विधायकों को अपन तरफ करने के लिए उनके पास अभी काफी समय है। माना जा रहा है कि केजरीवाल और सिसोदिया अभी जेल से बाहर नहीं आने वाले हैं क्योंकि संजय सिह को जमानत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि इसे उदाहरण न माना जाए यानी इस तरह केजरीवाल व सिसोदिया को जमानत नहीं मिल सकती। संजय सिंह को जमानत मिलने का ईडी ने विरोध नहीं किया इसलिए जमानत आसानी से मिली है, ईडी के विरोध न करने का निदेश ऊपर से आया है तो साफ है कि संजय सिंह को बाहर लाया गया है, ताकि आप में सत्ता के लिए संघर्ष को हवा दिया जा सके। केजरीवाल का खेल बिगाड़ा जा सके।

विश्लेषण

किशन सनमुखदास भावनानी

# आओ अपने एक वोट की ताक़त को पहचाने- इतिहास एक वोट से हार जीत उदाहरणों से भरा पड़ा है



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे बड़ी 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले भारत देश में लोकतंत्र का महापर्व का प्रथम चरण 19 अप्रैल 2024 से शुरू हो रहा है। इसके प्रचार प्रसार में उम्मीदवार बड़े जोर शोर से भिड़े हुए प्रचार कर रहे हैं। हर उम्मीदवार अपने-अपने विकास के काम गिनाकर वोटरों का उज्जवल भविष्य की बातें कर रहे हैं। जिनके उत्तर में मतदाता का रुझान अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है वैसे भी हम पिछ्ले चुनावों का विश्लेषण करें तो पहले ओवरऑल मतदान 50 प्रतिशत के आसपास होता था जो अभी हाल के पांच राज्यों के चुनाव में प्रतिशत तेज़ी से बढ़ाते दिखाई दिया है मेरा मानना है कि यह चुनाव का मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत से पार करने की जरूरत है, जिस पर हर मतदाता ने विचार कर इसे रेखांकित करना समय की मांग है, क्योंकि अगर हम पिछ्ले इतिहास पर गहराई से नजर डालें तो,आम तौर एक वोट की ताकत को बड़े चुनावों में कम करके आंका जाता है। लोग अक्सर यह कहते सुने जा सकते हैं कि एक वोट से क्या होगा। लेकिन इतिहास खंगालने पर एक वोट की ताकत क्या होती है यह पता चलता है। देश और दुनिया का इतिहास गवाह है कि एक वोट की ताकत कभी कम नहीं रही। एक वोट ने सरकार तक को गिरा दिया तो किसी के मुख्यमंत्री बनने के सपने पर पानी फेर दिया। कहीं एक वोट हिम्मत, साहस और मजबूत इरादे के प्रतीक के तौर पर सामने आया। चूंकि अभी 19 अप्रैल से 4 जून तक हमें लोकसभा चुनाव 2024 के विभिन्न चरणों में वोट करना है,जो हमारेअभूतपूर्व एक वोट की महत्वपूर्ण ताकत है,क्योंकि इतिहास गवाह है जब एक वोट से भारतीय केंद्र सरकार गिरी,सांसद विधायक चुनाव हारे,अमेरिकी राष्ट्रपति और हिटलर भी एक वोट से जीते थे,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,आओ अपने एक वोट की टीटीताक़त को पहचाने इतिहास एक वोट से हार जीत के उदाहरण से भरा पड़ा है।

साथियों बात अगर हम अपने एक वोट की ताक़त का आंकलन भारतीय इतिहास में एक वोट से हारने वाले नेताओं की करें तो, आमतौर पर मतदाता एक वोट की ताकत कम करके आंकते हैं और कई बार मतदान करने नहीं जाते हैं। हालांकि इतिहास में चुनावी पर्व में कई बार ऐसे मौके देखे गए, जब एक वोट ने उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया।अटल सरकार का गिरना, अप्रैल 1999 भारतीय इतिहास में एक अहम घटना के लिए दर्ज है। इसी दिन 13 महीने पुरानी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक वोट से पास हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में 270 वोट पड़े थे और खिलाफ 269 वोट। इसके नतीजे में वाजपेयी सरकार गिर गई थी।सी.पी.जोशी की हार, 2008 के राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस के सीनियर लीडर सी.पी.जोशी सिर्फ एक वोट से हार गए थे। उनके प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के कल्याण सिंह चौहान को 62,216 वोट पड़े थे जबकि उनको 62,215। वह उस समय मुख्यमंत्री पद के मजबूत उम्मीदवार थे लेकिन एक वोट ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।जैसा कि सौभाग्य से हुआ, टाइम्स ऑफ इंडिया की 2013 की एक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कथित तौर पर सीपी जोशी की मां, बहन और ड्राइवर मतदान के दिन उनके लिए वोट करने नहीं आ सके। संयोगवश, कर्नाटक में भी कृष्णमूर्ति का ड्राइवर मतदान करना चाहता था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका क्योंकि कृष्णमूर्ति ने ही उसे मतदान के दिन अपनी ड्यूटी से छुट्टी नहीं दी थीए.आर.कृष्णमूर्ति कर्नाटक विधानसभा के 2004 के चुनाव में ए.आर.कृष्णमूर्ति जनता दल सेक्युलर के टिकट पर लड़े थे। उनके प्रतिद्वंद्वी ध्रुवनारायण को 40752 वोट मिले जबकि उनको 40751। वह विधानसभा चुनाव में एक वोट से हारने वाले पहले शख्स बन गए थे।अहमद पटेल 2017 में गुजरात की तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हुआ था। एक सीट पर कांग्रेस की ओर से अहमद पटेल लड़ रहे थे। कांग्रेस के ही दो विधायकों ने क्रॉस वोटिंग कर दी थी जिससे अहमद पटेल की जीत मुश्किल हो गई थी। क्रॉस वोटिंग करने वाले दो एमएलए यह भूल गए थे कि वे वोट करते वक्त भी कांग्रेस के सदस्य थे और वे पोलिंग बूथ पर खड़े होकर अपनी बदली हुई वफादारी का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकते। इससे उनके वोट रद्द हो गए जिससे जीतने के लिए वोटों की संख्या 43.5 हो गई। अहमद पटेल को 44 वोट मिले थे, इस तरह वह आधे वोट से जीत गए। एआर कृष्णमूर्ति ने 2013 के एक प्रेस साक्षात्कार में इसे अच्छी तरह से समझाते हुए कहा कि वह नहीं चाहेंगे कि उनका कट्टर दुश्मन भी इस तरह से यानी सिर्फ एक वोट से चुनाव हार जाए। उम्मीदवार को शून्य वोटउत्तर प्रदेश का मैनपुरी संसदीय क्षेत्र ढाई दशक से भी अधिक समय से समाजवादी पार्टी का गढ़ है। इसके चलते यह हर चुनाव में सुर्खियों में रहता है। हालांकि यह क्षेत्र एक दिलचस्प किस्से का भी गवाह रहा है। यहां एक उम्मीदवार को शून्य वोट मिले थे। शंकर लाल 1957 के लोकसभा चुनावों में स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े थे। उन्हें अपना वोट भी नहीं मिला क्योंकि गिनती के दौरान उसे भी अमान्य करार दे दिया गया था। साथियों बात अगर हम 10 से कम वोटो पर जीत के निर्णय की करें तो, 10 से कम वोटों से जीत और हार का निर्णय आंकड़े बताते हैं कि भारतीय चुनाव के इतिहास में कई बार ऐसे मौके आए जब जीत और हार का निर्णय 10 से कम वोटों से हुआ। ताजा उदाहरण 2018 में हुए मिजोरम विधानसभा चुनाव का है। तुइवावल विधानसभा सीट पर मिजोरम नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के लालचंदामा राल्ते ने मौजूदा कांग्रेस विधायक आरएल पियानमाविया को सिर्फ तीन वोटों से हराया। चुनाव में राल्ते को 5,207 वोट मिले जबकि पियानमाविया को 5,204 वोट मिले। 1989 में कांग्रेस के कोनाथला रामकृष्ण ने आंध्र प्रदेश की अनाकापल्ली सीट से उपविजेता से सिर्फ नौ अतिरिक्त वोट हासिल करके लोकसभा चुनाव जीता था। 1998 में जब भाजपा के सोम मरांडी ने बिहार की राजमहल लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। इस बार भी अंतर महज नौ वोटों का रहा।

साथियों बात अगर हम पूरी दुनियां के लोकतांत्रिक देशों में एक वोट से हार जीत के फैसले की करें तो रदरफॉर्ड बी हेज 1876 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रदरफॉर्ड बी.हेज और टिलडन के बीच मुकाबला था। टिल्डन 2,50,000 के अंतर से पॉप्युलर वोट जीत गए थे। लेकिन जब इलेक्टोरल वोट की बारी आई तो उनको सिर्फ 184 वोट मिले थे जबकि रदरफॉर्ड 185 वोट जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हुई।मजबूत लीडर के तौर पर उभरीं मारग्रेट थैचरएक वोट ने इंग्लैंड की प्रधानमंत्री रहीं मारग्रेट थैचर की जिंदगी में अहम भूमिका निभाई। साल 1979 की बात है। उन दिनों थैचर विपक्ष की नेता थीं। लेबर पार्टी सत्ता में थी और प्रधानमंत्री जेम्स कैलहैन थे। थैचर ने पीएम जेम्स कैलहैन केखिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के पक्ष में 311 और खिलाफ 310 वोट पड़े। यानी एक वोट से प्रस्ताव पास हुआ। उसके बाद चुनाव में जीत के साथ मारग्रेट थैचर मजबूत नेता के तौर पर उभरीं। हिटलर के खिलाफ एक वोट1919 में नाजी पार्टी की स्थापना हुई थी। 1921 में हिटलर ने नाजी पार्टी की कमान संभाली थी। नाजी पार्टी की कमान संभालने से पहले पार्टी के कई सदस्य हिटलर के खिलाफ थे। उनका मानना था कि वह बहुत महत्वाकांक्षी है और इस वजह से उनलोगों ने हिटलर की शक्तियों को सीमित करने की कोशिश की। इससे नाराज होकर हिटलर पार्टी छोड़कर चला गया। फिर उनलोगों को अहसास हुआ कि हिटलर जैसे प्रभावशाली इंसान के जाने से पार्टी पर असर पड़ेगा। इसके नतीजे में हिटलर पार्टी में लौटा तो सही लेकिन अपनी शर्तों पर। 29 जुलाई को हिटलर को पार्टी का चेयरमैन चुनने के लिए वोटिंग हुई। कुल 554 सदस्यों में से सिर्फ एक सदस्य ने हिटलर के खिलाफ वोट दिया। ऐसे समय में जब सारे सदस्य हिटलर के साथ खड़े थे, एक का उसके खिलाफ जाना वाकई में ऐताहिसक और साहसिक कदम था।फ्रांस में राजशाही खत्म और लोकतंत्र शुरू हुआ।1875 ¬ फ्रांस में तो सत्ता का पूरा रूप ही बदल गया था। एक वोट की जीत से ही फ्रांस में राजशाही खत्म हुई और लोकतंत्र का आगाज हुआ। वरना वहां के लोग अब तक राजशाही ही ढो रहे होते।अमेरिका की भाषा बदली वरना मातृभाषा जर्मन होती। 1776 ¬ अमेरिका को एक वोट की बदौलत ही जर्मन की जगह अंग्रेजी के रूप में उनकी मातृभाषा मिली थी। यहां 1910 में रिपब्लिक उम्मीदवार एक वोट से हार गया था और पार्टी मानो शोक में डूब गई थी।एडोल्फ हिटलर, जर्मनी में नाजी दल का मुखिया बना।1923 ¬ जर्मनी के लोगों से पूछिए एक वोट की ताकत क्या होती है, क्योंकि साल 1923 में एडोल्फ हिटलर एक वोट के अंतर की जीत से ही नाजी दल का मुखिया बना था रदरफोर्ड बी हायेस अमेरिका के राष्ट्रपति बने।

अतः अगर हम उपरोक्तपूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि लोकसभा चुनाव 2024 हमारे अभूतपूर्व एक वोट में सरकार बनाने गिराने की ताक़त।आओ अपने एक वोट की ताक़त को पहचाने इतिहास एक वोट से हार जीत उदाहरणों से भरा पड़ा है इतिहास गवाह है,जब एक वोट से भारतीय केंद्र सरकार गिरी,सांसद विधायक चुनाव हारे,अमेरिकी राष्ट्रपति और हिटलर भी एक वोट से ही जीते थे।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जिसकी बातों से आपके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख्स कल आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। ऑफिस में आपका अच्छा काम देखकर कलीग आपसे कुछ नया सीखेंगे। आप लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे इससे आपको गर्व महसूस होगा। किसी गरीब की सहायता करने से मन को सुकून मिलेगा। काम करने के नए तरीको पर अपने मित्रों के साथ विचार करेंगे आपको नए नए आइडीयाज मिलेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज व्यापार में अच्छा लाभ होने से आप अपनी नयी ब्रांच ओपन करने का विचार अपने घर के साथ करेंगे। आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलने से कोई बड़ी समस्या का समाधान कर लेंगे। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा। इस राशि के जो लोग संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप किसी से बेवजह बहस से बचें यही आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाएं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी अपने के साथ बहस करने से बचे, जिससे आपका समय बचेगा। ऑफिस में आज आपके ड्रेसिंग सेंस के बारे में तारीफ करेंगे। लवमेट में चल रही अनबन आज समाप्त होगी लोग एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे। समाज में आपके अच्छे कामों की वजह से आपका सम्मान बढ़ेगा। बिजनेस को लेकर दूसरे लोगों से संपर्क बनाना बेहतर रहेगा। व्यापार में आपको आज ज्यादा लाभ होने के योग बन रहे हैं। अपनी आय और व्यय के लिए एक बजट बनाकर चलें, तभी आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने पर विचार कर सकते हैं।

कर्क राशि- आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप जिस काम को काफी दिनों से करने की सोच रहे थे उस काम की शुरुआत आज से कर सकते हैं। दान धर्म के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। भाई व बहनों से चल रही अनबन बातचीत के जरिए समाप्त होगी। जल्द ही आपको काम के अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। जो लोग आपके विरोधी थे वो लोग भी आज आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ा सकते हैं। स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में कुछ बदलाव कर सकते हैं आप अपनी मेहनत जारी रखें आपको जल्द ही सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी सभी परेशानियों का हल निकलेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आसपास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिवार के सदस्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे, क्योंकि आप उनसे किए हुए वादों को पूरा करेंगे। रचनात्मक कार्य में आप सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे। आपके घर आज किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके अधिकांश प्रयास सफल होंगे। आपके कुछ जरूरी कामकाज पूरे हो सकते हैं। कोई करीबी व्यक्ति आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं। आज आपके जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। अपनी आय और व्यय में संतुलन बना कर चलें।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को मानसिक बोझ से छुटकारा मिल सकता है। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। आज आपका खर्च बढ़ सकता है। आपको अपनी आदतों में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजनाएं बनाएंगे।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे जिससे काफी हद तक करने में सफल रहेंगे। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी। आज समय से सारी जिम्मेदारियां पूरी करेंगे। अनजान लोगों से से दूरी बनाकर रखें। लंबे अंतराल बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका मन धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। आज आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। माता-पिता अपने बच्चों को मनोरंजन के लिए बाहर घूमाने ले जा सकते हैं। महिलाएं अपने किसी काम की प्लानिंग करेंगी। वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। साथ ही किसी मामले पर बातचीत करते समय आपको अपनी वाणी पर संयम बरतना चाहिए।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी काम के लिए की गई आपकी मेहनत रंग लायेगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। आज कार्यस्थल पर हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपको काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आपको व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। सेहत के मामलों में आप खुद को ताजगी से भरा हुआ महसूस करेंगे। आपको कई तरह के नए और अच्छे अनुभव प्राप्त होंगे। आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे।

व्यंग्य

## पेंसिल और शार्पनर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

बस्ते में एक पुरानी पेंसिल थी। उसका शार्पनर (छिलनी) से चक्कर था। दोनों का प्यार कई दिनों तक बदस्तूर चलता रहा। प्यार भी ऐसा जो सातवें आसमान पर हो। उनके इश्क़-ए-खुमार का पता इसी से चल जाता कि पेंसिल से नोटबुक में लिखो तो इश्क-ए-खुमार शार्पनर पर चढ़ता। वहीं पेंसिल टूटने को होती तो शार्पनर का रो-रोकर बुरा हाल होता। शुरू शुरू में इश्क़ इतना कि दोनों एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे। दिखने में पेंसिल और शार्पनर अलग-अलग थे, लेकिन इश्क की खुश्बू दोनों की एक सी थी। यही किस्सा आगे भी चलता रहा। कोई दूसरा शार्पनर पेंसिल को छू लेता तो शार्पनर का हाल 'काटो तो खून नहीं' वाला हो जाता। दोनों तीन महीने तक कभी बस्ते में पर तो कभी मेज पर साथ-साथ नजर आते। दोनों का रिश्ता इतना गहरा चुका था कि एक-दूसरे के बिना भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते थे। अब भला समय भी कोई चीज़ होती है। आज जो अच्छा लगता है कल वही खराब लग सकता है और जो कल तक खराब लगता है वही अब अच्छा लग सकता है। पेंसिल पुरानी पड़ चुकी थी। इश्क की छिलन में वह घिस चुकी थी। अब बच्चा उसका कम ही इस्तेमाल करता था। एक दिन घर में नई पेंसिल आई और शार्पनर का आकर्षण उसके प्रति बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने पुराने इश्क के खुमार को पुरानी पड़ चुकी पेंसिल के हवाले करते हुए नई पेंसिल के संग जोड़ी बना ली। यह देख पुरानी पेंसिल बड़ी दुखी हुई। इससे पहले कि वह कुछ पूछे शार्पनर बोल पड़ा - मैं जानता हूँ कि तुम यही जानना चाहती हो न कि मैं तुम्हें क्यों छोड़ रहा हूँ? तो सुनो - जब एक दल कई साल पुराने अपने संगी दल को छोड़कर गठबंधन कर सकता है, कोई पुराना नेता मंत्री पद का लुत्फ उठाने के बाद नए दल में घुस सकता है, कोई दंपत्ति बाल-बच्चे होने के बावजूद किसी दूसरे पार्टनर के संग रह सकते हैं, तो मैं फिर भी शार्पनर हूँ। मैं जब चाहूँ तब, कहीं भी कभी भी किसी भी तरफ मुँह मार सकता हूँ। तुम बहुत किस्मत वाली हो कि हम दोनों की जोड़ी बहुत दिनों तक टिकी रही। वैसे भी घिसने वालों को टिकने की चाहत नहीं रखनी चाहिए। अलविदा मेरी प्रिया! मैं अब किसी और को चाहने लगा हूँ।

### नारियल पानी, गर्मी में रोजाना पिएं

नारियर पानी सेहत बेहद फायदेमंद और हेल्दी होता है. इसमें कैलोरी बहुत कम होता है और इसे पीने के बाद काफी देर तक पेट भरा भी रहता है. इससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है. कोकोनट वॉटर में इलेक्ट्रोलाइट भरपूर होता है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होती है. इस पानी को पीने से वजन तो कम होता ही है, कई समस्याएं भी शरीर से दूर रहती हैं. जानिए नारियल पानी के क्या-क्या फायदे हैं...नारियल पानी में काफी कम कैलोरी होती है. इसे पीने से शरीर को जबरदस्त एनर्जी मिलती है. इसीलिए वजन कम करने की चाहत रखने वालों के लिए यह शानदार विकल्प माना जाता है. इससे पेट भी लंबे समय तक भरा-भरा रहता है. नारियल पानी पाने से शरीर हाइड्रेट रहता है. इसमें इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं, जो वेट को कंट्रोल करने में मदद करते हैं. शरीर हाइड्रेटेड होने से कमजोरी फील नहीं होती. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एक्सरसाइज से पहले या बाद में नारियल पानी जरूर पीना चाहिए. ज्यादा खाने की वजह से वजन तेजी से बढ़ जाता है. ऐसे में नारियल पानी काम आता है.

गंभीर मुद्दा

ललित गर्ग

# नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पर्दापाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है।

यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को



गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है। मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फार्मूला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न् हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फार्मूले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है। पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे। जिस तरह विदेश व्यापार महानिदेशालय कफ सिरप के निर्यात के मामले में सक्रिय हुआ, उसी तरह औषधि महानियंत्रक को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि देश में बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता को लेकर कहीं कोई सवाल न उठने पाए। मिलावटी दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में पहली बार बड़े पैमाने पर एक अभियान शुरू किया है, जल्द ही इसके नतीजे सामने आने की संभावना है। दवाओं की क्वालिटी को बरकरार रखने के लिए हाल ही में यूके के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक एमओयू भी साइन किया है।

# एक नजर

## एएमएनएस इंडिया कंपनी ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता के क्षेत्र में की एक नई पहल



**बचेली, 4 अप्रैल।** इंडिया कंपनी के प्रोजेक्ट आरोग्य के तहत् सीएसआर टीम किरंदुल द्वारा दंतेवाड़ा के पाधापुर ग्राम पंचायत में मुफ्त मोबाइल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों की बीमारियों का निदान कर मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। दंतेवाड़ा में आयोजित इस शिविर का संचालन जिला अस्पताल के डॉक्टर,फार्मासिस्ट और परिचालक की टीम द्वारा किया गया।जहां प्राथमिक उपचार के साथ ही मलेरिया और ब्लड शुगर लेवल की भी निःशुल्क पैथोलॉजिकल जाँच की गई।एएम/एनएस इंडिया द्वारा आयोजित इस मुफ्त जांच शिविर में कुल 85 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया। इंडिया कंपनी के द्वारा लगातार सामाजिक कार्य किये जा रहें हैं जिनमें विशेष रूप से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, स्पोर्ट्स एवं रोजगार के क्षेत्र शामिल हैं।एएम/एनएस द्वारा किये जा रहें इन सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ पहुंचाना है जिसके परिणामस्वरूप एक स्वस्थ जागरूक एवं सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

## मतदान दिवस 26 अप्रैल को सामान्य अवकाश घोषित

**कांकेर, 4 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-11 कांकेर (अजजा) हेतु द्वितीय चरण मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होना है। कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने उक्त दिवस को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतदान की तिथि 26 अप्रैल को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, एवं तेलंगाना राज्य के लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस के दिन पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं, ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को लोक प्रतिनिधित्व, 1951 की धारा 135 ख के तहत मतदान के दिन संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

## पुलिस प्रेक्षक कलासागर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

महासमुंद 04 अप्रैल । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक श्री एम. राकेश चन्द्र कलासागर ने आज महासमुंद लोकसभा अंतर्गत निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के साथ पिटियाझर स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने यहां आवश्यक तैयारियां के संबंध में निर्देश देते हुए सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। कलेक्टर श्री मलिक ने बताया कि चारों स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे और परिसर में मतदान सामग्री वितरण के लिए बेरिकेटिंग की जाएगी। उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस ऑब्जर्वर को जानकारी दी। तत्पश्चात श्री कलासागर द्वारा कलेक्ट्रेट में नाम निर्देशन प्रक्रिया की जानकारी लिया।

उन्होंने अन्य निगरानी केन्द्रों का भी अवलोकन किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्री हरिशंकर पैकरा एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

# भाजपा ने झोंकी ताकत,मंत्री रामविचार नेताम पहुंचे बस्तर, मांगा महेश कश्यप के लिए वोट

■ मोदी की गारंटी के तहत हो रहा है, बस्तर का विकास,कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं इसलिए उसके नेताओं में पार्टी छोड़ने की लिए भगदड़ : नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,4 अप्रैल।** बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी लगातार अपनी ताकत झोंक रही है,बीजेपी के स्टार प्रचारक प्रतिदिन बस्तर लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं ।आज कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के साथ बस्तर के करमरी,मोंगरापाल ,करपावंड, मूली,मंगनार,बनियागांव और नारावण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क और प्रचार किया।इस दौरान हुई सभाओं में मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक डूबती नाव है जिसका कोई भविष्य नहीं है ,इसलिए कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़ कर अन्य पार्टियों में का रहे हैं ।मंत्री नेताम ने कहा कि देश में तीसरी बार श्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है,क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में निरंतर आम जनता और वंचित वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं ,चाहे वह धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि की बात हो या महतारी वन्दन के तहत महिलाओं को 1000 रु उनके खाते में प्रदान करने की बात हो ।मंत्री नेताम ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत तेंदूपत्ता 5500 प्रति मानिक बोरा प्रदान की जा रही है। उन्होंने चरण पादुका योजना दुबारा शुरू करने की बात कहते हुए कहा कि बीजेपी बस्तर में सड़कों का जाल बिछाने का काम देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है।बस्तर को उड़ान सेवा केंद्र की मोदी सरकार दी है।हमारे प्रत्याशी को जिताना है ओर प्रधानमंत्री मोदी जी को बनाना है।इन दौरान जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि इस बार हमें महेश कश्यप को जीताकर लोकसभा भेजना है ,देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के प्रधानमंत्री आवास ,शौचालय, आयुष्मान कार्ड,उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण प्रधानमंत्री मोदी की देन है। दिल्ली में बैठकर बस्तर की,चिंता करने वाले ऐसे नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। आप के गांव का बेटा आसपास का बेटा, गरीब परिवार का बेटा को सांसद चुनना है जिसके लिए आपको बीजेपी को वोट देना है।प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि मैं सामान्य परिवार का बेटा आप सभी के बीच प्रत्याशी के रूप में आया हु, यह सब देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के कारण ही सम्भव हो पाया है, 100 दिन के भीतर कई वादे को पूरा करने वाली ऐसी भाजपा पार्टी जो लगातार विकास को ओर कार्य कर रही है।आप सभी 19 अप्रैल को कमल फूल में बटन दबाकर बस्तर के बेटे और अपने ,साथी को चुनने में सहायता करें जिससे कि बस्तर की विकास का मुद्दा को मै लोकसभा तक पहुँचा सकूं।

### मतदान के 48 घंटे पूर्व शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर 4 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान 26 अप्रैल मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छ.ग.आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया है।

## आदिवासी नेता को अनपढ़ बताकर भाजपा माँग रही आदिवासियों से वोट: बसंत ताटी



**भोपालपटन,4 अप्रैल।** भाजपा नेताओं ने बीजापुर में प्रेस को दिये बयान में कहा कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार कवासी लखमा अनपढ़ और कॉमेडी नेता हैं और उन्होंने आदिवासियों के सम्मान को कम किया है। यह बयान न केवल अपनी जमीन से जुड़े और पारंपरिक संस्कृति के रंग में रँगे,समुदाय के सुख-दुख में साथ रहने वाले एक खाँटी आदिवासी नेता का अपमान है,बल्कि अपने सच्चे प्रतिनिधि के रूप में लखमा दादी को 6 बार विधानसभा भेजने वाले कोंटा क्षेत्र के आदिवासी मतदाताओं का भी सीधा अपमान है।यह बात बीजापुर जिला पंचायत के सदस्य बसंत राव ताटी ने आज जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कही।ताटी ने आगे कहा कि इस बयान से यह भी सिद्ध होता है कि भाजपा दलितों और आदिवासियों की हितचिंतक नहीं, बल्कि तथाकथित अभिजात्य वर्ग की पार्टी है।भाजपा नेताओं का यह बयान उनकी पार्टी के असली चरित्र और दूषित मानसिकता को उजागर करता है।कॉमेडी तो भाजपा नेता कर रहे हैं।वे जिस समुदाय के प्रतिनिधि को अनपढ़ बताकर अपमानित कर रहे हैं,उसी समुदाय से वोट भी माँग रहे हैं। बसंत ताटी ने इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा नेता शायद यह भूल गये हैं कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र से सबसे पहले लोकसभा पहुँचने वाले आदिवासी सांसद मुचाकी कोसा जी और विधानसभा में आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले रामा कोंदा जी भी अनपढ़ ही थे।उनके प्रतिनिधित्व से आदिवासी समाज का सम्मान कम नहीं हुआ था,बल्कि उन्होंने अपने समुदाय को गौरवान्वित किया था। जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने बताया कि संविधान ने भारत के पढ़े-लिखे और अनपढ़ - सभी नागरिकों को जनप्रतिनिधित्व का समान अधिकार दिया है।वरना,अनपढ़ लोगों को चुनाव लड़ने का अवसर ही नहीं मिलता।ऐसे में भाजपा नेताओं का यह बयान भारत के संविधान का भी अपमान करता है। ताटी ने कहा कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा जी अपने समुदाय से जीवंत संपर्क,आत्मीय व्यवहार और जायज मदद के लिये तत्पर रहने वाले स्वभाव के कारण ही क्षेत्र में दादी जैसे सम्मानजनक संबोधन से लोकप्रिय हैं।इस आत्मीय संबोधन से नवाजने वाले आदिवासी समुदाय का सम्मान लखमा जी ने किस प्रकार कम किया होगा?यह सोचने वाली बात है।लखमा दादी का ठेठ आदिवासी लहजा ही उन्हें समुदाय के लोगों से जोड़कर रखता है।यह सूत्र जिस दिन बाकी नेताओं की समझ में आ जायेगा,जनता से उनकी दूरी समाप्त हो जायेगी।इस खासियत के लिये हमें लखमा दादी की तारीफ करनी चाहिये। बसंत ताटी ने कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा की लोकप्रियता और प्रतिष्ठा को धूमिल करने के उद्देश्य से आपत्तिजनक बयान देने वाले भाजपा नेताओं से कहा कि बीजापुर में आयोजित प्रेसवार्ता में अपने पढ़े-लिखे होने के अहंकार को प्रदर्शित करते हुए लखमा जी के बहाने आदिवासी समुदाय को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वाले अपने आदिवासी विरोधी बयान के लिये भाजपा के संबंधित नेताओं को समस्त आदिवासी समाज और उसके सच्चे प्रतिनिधि कवासी लखमा जी से माफी माँगनी चाहिए।

### स्वच्छता दीदी ई-रिक्शा में स्टीकर लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का दे रहीं संदेश




महासमुंद 3 अप्रैल । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार यात्री वाहनों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर चिपकाया जा रहा है। इसके जरिए जिले में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता दीदीयो ने स्वीप 2024 लोकसभा निर्वाचन महासमुंद के द्वारा तैयार मतदाता जागरूकता स्टिकर अपने ई रिक्शा सहित शहर के सवारी ऑटो में लगाए गए।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका के समस्त वाहनों सहित सवारी वाहनों में मेरा भविष्य, सशक्त लोकतंत्र, प्रभावी प्रतिनिधित्व, समावेशी विकास, बेहतर भविष्य लिखा हुआ स्टीकर लगाकर मतदाताओं को लोकतंत्र का महापर्व 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## चरण दास महंत पहली लाठी मुझे मारें :केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 4 अप्रैल। भाजपा कार्यालय में बुधवार को आहुत पत्रवार्ता में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री का सामना नहीं कर पा रहे हैं इसलिए लगातार अनर्गल बयानबाजी कर प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत आक्षेप लगा रहे हैं । केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता और छत्तीसगढ़ का नागरिक मोदी जी का परिवार है , इसलिए यदि चरणदास महंत दंड प्रहार करना चाहते हैं और उनमें हिम्मत है तो पहला प्रहार मुझ पर करें।कैबिनेट मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जब भी कांग्रेस हारते नज़र आती हैं तो वह प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत प्रहार करने लगती हैं, यह कांग्रेस का स्थायी चरित्र है। श्री कश्पय ने राहुल गांधी ,मल्लिकार्जुन खड़गे,सोनिया गांधी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं की अभद्र टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं की टिप्पणियां कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र को दर्शाती है।मंत्री केदार कश्यप ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी जी की लोकप्रियता से घबराई हुई है इसलिए अनाप शनाप बयान बाजी कर रही है। चरणदास महंत ने जो बयान दिया है, वह माफी योग्य नहीं है ,उनके बयान को भाजपा का कार्यकर्ता प्रदेश के घर घर तक पहुंचाने का काम करेगा।श्री कश्पय ने कहा कि कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि जब जब कांग्रेस ने मोदी जी को अपमानित करने का कार्य किया, तब तब मोदी जी को जनता का दोगुना प्यार मिला और अधिक शक्तिशाली होकर प्रधानमंत्री मोदी उभरे। मंत्री केदार कश्यप ने पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता ने विश्वास जताया और कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। थोथी व फर्जी बयानबाजी करने से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बाज आये। पत्रवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, बस्तर संभाग सह प्रभारी निरंजन सिन्हा, बस्तर लोकसभा प्रभारी महेश जैन, श्रीनिवास राव मद्दी,जी वेंकट,भरत मटियार,संतोष बाफना, संजय पाण्डेय, राजेन्द्र बाजपेयी,आलोक अवस्थी, नरेंद्र पाणिग्रही मौजूद रहे।

## बिजली तार के संपर्क में आने से ट्रक में लगी आग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 अप्रैल।** भिलाई नगपुरा चौकी क्षेत्र पटाखों से भरे ट्रक में आग लग गई। चर्चा है कि बिजली कपंनी की उच्च क्षमता वाली लाइन काफी नीचे से गुजरी है, जो ट्रक के संपर्क में आ गई और पटाखों भरे ट्रक में आग लग गई घटना गनियारी-बोरई रोड पर आबादी से दूर हुई। इस वजह से बड़ी जनहानि टल गई नगपुरा चौकी प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि गनियारी- बोरई रोड पर बिजली कंपनी की हाई टेंशन लाइन गुजरी है। यह लाइन - गनियारी बोरई मुख्य मार्ग पर अपनी निर्धारित ऊंचाई से काफी नीचे से गुजरी है। ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व गनियारी बोरई मुख्य मार्ग जो एकल मार्ग था, लगभग सात फीट ऊंची हो गई थी। तभी से गांव वाले लगातार विद्युत मंडल से लाइन ऊंची करने के लिए गुहार लगा रहे स्कूल बस, ट्रक आदि भारी माल वाहक की आवाजाही इस मार्ग से नियमित होती है, जो की काफी जोखिम भरा है। उक्त दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई है, हादसा होते ही ड्राइवर और हेल्पर ने केबिन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी लगते ही जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन, फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंच गया था फायरवर्क्स के संचालक हेमंत जैन ने बताया कि दोपहर 12 बजे के करीब घटना हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सात फीट सड़क ऊंची करने के पहले पीडब्ल्यूडी को बिजली कंपनी से स्वीकृति लेनी चाहिए थी, नियम अनुसार सड़क से 6.1 मीटर पर हाई टेंशन की ऊंचाई सड़क से होनी चाहिए। नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही थीं और आज हादसा हो गया आग लगने की सूचना पर अग्निशमन व आपदा प्रबंधन की दो टीमों तत्काल पहुंची। पटाखों से भरे ट्रक में लगी आग को बड़ी सावधानी से बुझाया गया आग की चपेट में आने से आस पास के खेतों में भी आग लग गई थी उस पर भी समय पर काबू पा लिया गया अहम बात यह रही कि पटाखा का गोदाम घटना स्थल से 400 मीटर की दूरी पर था, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाती, जिसमें जानमाल के नुकसान भी हो सकता था

### लाखों रुपए के पटाखे जल कर नष्ट हो गए:हेमंत जैन

लाखों रुपए के पटाखे लाखों रुपए का पटाखा था। आगजनी की घटना बिल समेत पटाखे का सारा दस्तावेज जलकर खाक हो गया जहां से पटाखा आ रहा था। उस ट्रक में मेरे अलावा कितने लोगों का पटाखा था। यह स्पष्ट नहीं बता पाउंगा एके बिजौरा ईई, बिजली कंपनी ने बताया कि नहीं मिली है शिकायत हाईटेंशन तार 18 फीट में लगाया जाता है। ग्रामीणों की कोई भी शिकायत इससे जुड़ी अब तक नहीं मिली है। यह ट्रमिशन लाइन है दीगर राज्यों में यहां से बिजली पहुंचती है हाईटेंशन लाइन से एक साथ दो ट्रक निकल सकता है

## मतुहा समाज की पूजा में भाजपा विधायक चैतराम अटमी हुऐ शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरन्दुल, 4 अप्रैल।** दंतेवाड़ा कटे कल्याण में मतुहा समाज का पूजा हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से हर्षो उल्लास के साथ विधान पूर्वक मनाया गया जिसमें बहुत दूर दराज से भक्तगण इस पूजा में सम्मिलित हुए मतुहा समाज का पूजा बड़े ही विधि पूर्वक से मनाने की जो पराथा है उसमें सभी भक्त गन एक जुट होकर हरि बोल का नारा लगाते हुए ढोल नगाड़े के साथ पूजा किया गया जिस्म की हमारे दंतेवाड़ा का विधायक माननीय श्री चैत्र माता में जी अपने दलबल के साथ पूजा में घंटे देर तक मथुरा समाज के साथ पूजा का आनंद लिए उसके बाद प्रसाद ग्रहण किये उसके बाद भक्तगणों को श्रद्धा पूर्वक गले से गले मिले औरवहां के गुरु महाराज को पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए मतुहा समाज से विदा लेते हुए दूसरे जगह के लिए निकल पड़े मतुहा समाज अपने आप को बड़े ही गौरवशाली व्यक्त किये की जो हमारे बीच विधायक जी आए हुए हैं मतुहा समाज में किरंदुल बचेली मसेनार सुकुमा बीजापुर कांकेर तथा उड़ीसा के दल अपने गाजे बाजे के साथ श्री श्री हरि गुरु चांद जुगअवतार ठाकुरजी के रसगान बारी बारीसे सब लोग अपना भक्त रसगान गया जिसमें आम जनता भी उसे भक्ति रस में लीन होकर रंग गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए गुरु महाराज के चरणों में सब लोगों ने अपने माथा टेक कर पूजा का समापन किया गया सब लोग भोजन ग्रहण किया और गुरु बाबा निखिल महाराज तोगपाल तथा उनके शिष्य गुंडू राम कटे कल्याण दीपक गोस्वामी किरंदुल सब लोग अपने-अपने गाँव रवाना हुए।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

कांकेर, 4 अप्रैल । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत आज ग्राम नंदनमारा में बिटिया आग्रह टोली द्वारा 'जागरूक रहेगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर' का नारा लगाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान दिवस की तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने का आग्रह किया गया। चारामा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल परसोदा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागोडार के विद्यार्थियों द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

# समाचार संक्षेप

## लापरवाह ठेकेदार, जिला प्रशासन की निर्देशों की अवहेलना कर रहा



**सुकमा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** स्कूलों आश्रमों की मरम्मत के लिए लाखो राशियों को कर रहे मनमानी, उक्त ठेकेदार का शिकायत पिछले दिनों मे छिन्दगढ ब्लाक के गुडरा प्राथमिक शाला का भी मामला अखबारों से लेकर प्रशासन तक पहुंचा पर प्रशासन की कार्यवाई को भी दरकिनार कर लगातार देवेन्द्र चौरसिया ठेकेदार के द्वारा मरम्मत कार्यो मे लापरवाह पूर्वक गुणवत्ताहीन कार्य कर रहा है,बावजूद जिला प्रशासन मूकदर्शक बन कार्यवाई को ठंडे बस्ते मे रखकर लापरवाही ठेकेदार को बढ़ावा दे रहे है। उक्त ठेकेदार का कार्य लगातार गुणवत्ताहीन साबित हो रहा है, ठेकेदार व्दारा जानबूझकर सरकरी राशि को मरम्मत के नाम से गबन करने की हैसियत से कार्य किया है, ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना चाहिए। प्राथमिक शाला गुडरा के बाद फिर से प्राथमिक शाला देवकुपली में वही ठेकेदार का कारनामा सामने आया है, प्रशासन की उदासीनता का लाभ लापरवाह ठेकेदार उठा रहे है। उक्त ठेकेदार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई होना चाहिए। कार्यवाई नही होने से मूलभूत सुविधाओं से अध्ययनरत छात्रों को परेशानी हो रहा है।

लगातार उक्त ठेकेदार के व्दारा लापरवाह पूर्वक गुणवत्ताहीन कार्य कर रहा है, बावजूद जिला प्रशासन व्दारा बार बार उसी ठेकेदार को काम दिया जा रहा है, इस पर कार्रवाई करना छोड़कर काम दिया जा रहा है, जिला प्रशासन से हमारा मांग है कि उक्त ठेकेदार को काम देना बन्द कर जितना भी पूर्व मे दिये काम गुणवत्ताहीन पाया गया है उस काम को तत्काल निरस्त कर, पुन~ रि टेंडर किया जाए , गुणवत्ताहीन काम को देखते हुए उक्त ठेकेदार की लाईसेंस को रद्द किया जाए।

### मतदान दिवस पर सुकमा जिले के सभी मंदिरा दुकानें रहेंगी बंद

**सुकमा, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस एस. के द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये 10-बस्तर संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत जिला सुकमा में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु प्रथम चरण में नियत मतदान को सम्पन्न कराने हेतु जिले में अवस्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानों एवं समस्त एफ.एल.-7 सैनिक कैंटीन को मतदान तिथि 19 अप्रैल 2024 को मतदान समाप्ति के नियत समय के 48 घन्टे पूर्व की अवधि अर्थात ( 17 अप्रैल 2024 दिन-बुधवार को अपरान्ह समय 3.00 बजे से दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को मतदान समाप्ति तक) बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त अवधि में जिला सुकमा के समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकान व एफ.एल.-7 सैनिक कैंटीन में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा ।

## छतीसगढ़ मानस संगठन का होली मिलन समारोह नवागांव,थूहा में सम्पन्न



**भखारा,4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ मानस संगठन तहसील कुरुद का होली मिलन समारोह ग्राम नवागांव (थूहा) मे दिनांक 1 अप्रैल को सम्पन्न हुआ! सर्व प्रथम मानसमंगलाचरण एवं माँ सरस्वती एवं भगवान श्री राम की पूजा अर्चना उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के जिला मानस संगठन धमतरी अध्यक्ष गनराज सिन्हा,उपाध्यक्ष केकती साहू,कोषाध्यक्ष प्रमिला साहू, दुलरवा राम साहू सचिव,रूपराम साहू सहसचिव, विशिष्ट अतिथि राधामोहन साहू प्रांतीय महासचिव, शारदा दास मानिकपुरी अध्यक्ष तहसील भखारा रहे होली मिलन समारोह मे स्थानीय मानस मंडली ग्राम नवागांव, जय मां सरस्वती मानस मंडली भैसबोड़, जय चंडी महिला मानस मंडली सिंगदेही, अमर ज्योति मानस मंडली जोरातराई के मानस मंडलियो द्वारा सुमधुर एवं मनमोहक प्रस्तुति हुई कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार साहू अध्यक्ष तहसील कुरुद के साथ ही सचिव धनेश साहू ग्राम कन्हारपुरी, लेखराम सेंन,ओमप्रकाश निषाद जोरतराई, रवि साहू भैसबोड़, नीलकंठ, नारायण साहू, बिशहत साहू,बीरेंद्र साहू, ओमकार दास बुधारु तारक,डॉ.उमेश साहू, प्रदीप साहू, शैलेन्द्र साहू,दुर्गेश गुरुपन्च, रामावतार साहू,ईश्वर दावना, सीताराम साहू, देवेंद्र भेषले, घनेश्वरी साहू,लीला बाई सिंगदेही एवं ग्राम के समस्त मानस प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे!

## धान की बिक्री के बाद पैसे के इंतजार में बैठे किसान

**भखारा,4 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा खरीफ फसल की धान खरीदी केंद्र में नवंबर माह से धान खरीदी शुरू किया था जो की जनवरी माह तक धान खरीदी सुचारू रूप से चल रहा था जिसमें नगर पंचायत भखारा वार्ड क्रमांक 9 निवासी राजेंद्र कुमार साहू पिता स्वर्गीय डोमार साहू ने बताया कि मैंने अपने खरीफ फसल का धान उपार्जन केंद्र भखारा में 50.80 क्विंटल में बेचा है । जिसकी राशि अभी तक भुगतान नहीं हुई है जिसके चलते मुझे बकाया दारो की ताने सुनने पड़ रहे हैं । उन्होंने शासन प्रशासन से धान की पैसा जल्दी मुहैया कराने कि मांग की है।



जिले में लोडशेडिंग और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

## स्वीकृत सब-स्टेशनों और फीडरों को शीघ्रता से स्थापित करने के दिए निर्देश

**कांकेर, 4 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में विद्युत कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या के संबंध में से विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले के नागरिकों को अनियमित विद्युत कटौती होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए निर्धारित अवधि से अधिक समय तक विद्युत कटौती न करें और यदि यह जरूरी हुआ तो लोड शेडिंग का शेड्यूल अवश्य तैयार करें। उन्होंने जिले में सभी विद्युत सब-स्टेशनों और फीडरों को स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के आवश्यक निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज शाम को आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वीकृत एवं प्रक्रियाधीन सब-स्टेशनों की संभागवार समीक्षा की। उन्होंने सब-स्टेशन एवं फीडर निर्माण हेतु प्रस्तावित भूखण्डों का अधिग्रहण करने के लिए वन विभाग एवं राजस्व विभाग से पत्राचार करते हुए नियमानुसार दस्तावेजीकरण एवं कार्यवाही परस्पर समन्वय के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने घरेलू कनेक्शन और कृषि पम्प कनेक्शन के फीडरों का पृथक्कीकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद जिले के गुरूर से बिजली आपूर्ति प्रारंभ होने से 02 अप्रैल से लोड शेडिंग बंद हो चुकी है। इसी तरह जिले के पाण्डरवाही में 220/132 के.व्ही. और कोण्डागांव जिले के केशकाल में 132/33 के.व्ही. के सब-स्टेशनों की स्थापना के लिए वन विभाग से जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है, जिन्हें दो साल की अवधि में स्थापित की जाएगी। इस पर कलेक्टर ने उक्त निर्धारित अवधि से पहले पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता कांकेर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम कुरिष्टीकुर, हल्बा और जुनवानी में 33/11 के.व्ही. के सब-स्टेशन दिसंबर 2024 में तैयार हो जाएंगे।इसी तरह कार्यपालन अभियंता भानुप्रतापपुर ने बताया कि ग्राम करमोती, केंवटी और हाटकर्रा में सब-स्टेशनों की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है जबकि मड़पा में अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है।

## एक नजर

### 1 अप्रैल से मदिरा के मूल्य में वृद्धि, दुकानों में पहले से संग्रहित मदिरा भी बढ़े हुए मूल्य पर बिकेगी

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** राज्य सरकार द्वारा 01 अप्रैल से मदिरा में वृद्धि करते हुए मदिरा विक्रय दर सूची जारी की गई है। सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार देशी मदिरा के प्रचलित क्वार्टर के मूल्य में 12.5 प्रतिशत, विदेशी मदिरा में प्रचलित चीपर रेंज के क्वार्टर के मूल्य में 8 प्रतिशत, जबकि विदेश से आयातित (बोर्न इन ओरिजिन)कतिपय प्रचलित ब्रांड के मूल्य में 45 प्रतिशत और इससे भी अधिक तक की वृद्धि की गई है। साथ ही 01 अप्रैल से पूर्व मदिरा दुकानों में संग्रहित हो चुकी मदिरा भी 01 अप्रैल से बढ़े हुए मूल्य पर ही बेची जाएगी। मदिरा की बोतलों में पुराना रेट स्टीकर ही लगा होने के कारण ग्राहकों को नए मूल्य की वास्तविक जानकारी मदिरा दुकानों से बिल प्राप्त कर हो सकेगी। इसके अतिरिक्त वेब लिंक https://excise.cg.nic.in/csmcl/PriceList पर जाकर भी मोबाइल के माध्यम से मूल्य देख सकेंगे। दुकानों एवं गोदाम में संग्रहित मदिरा की समाप्ति के पश्चात नए विक्रय दर प्रिंट के साथ मदिरा प्राप्त हो सकेगी। विदेशी मदिरा के कई प्रचलित ब्रांड लेबल्स का मूल्य जारी होना शेष रहने के कारण मूल्य जारी होने तक दुकानों में संग्रहित ऐसी मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित रहेगा, जिसे मूल्य जारी होने के बाद विक्रय किया जाएगा। मदिरा दुकानों में नई विक्रय दर सूची चस्पा की जा रही है। मदिरा दुकानों में ओवर रेट की शिकायत आबकारी विभाग और सी.एस.एम.सी.एल.के टोल फ्री नंबर 14405 पर सकते है।

### चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के लिए 10 अप्रैल को सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** राज्य शासन द्वारा आगामी 10 अप्रैल 2024 दिन बुधवार को चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद)महोत्सव के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जारी आदेश के अनुसार चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद)हेतु मंगलवार 9 अप्रैल को ऐच्छिक अवकाश घोषित किया गया था। जिसमें राज्य शासन द्वारा आंशिक संशोधन करते हुए 9 अप्रैल मंगलवार के स्थान पर 10 अप्रैल को चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद)महोत्सव के लिए सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन के समय में हुआ परिवर्तन

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में गर्मी की अधिकता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए मात्र ग्रीष्मकाल की अवधि अर्थात 8 अप्रैल से 15 जून 2024 तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। इसी तरह केन्द्र संचालन का समय प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक होगा। जिले में 2706 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन कार्य का लिया जायजा



**जगदलपुर, 4 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शहर के जगतू माहरा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने उत्तर पुस्तिका का जांच कर रहे शिक्षकों से मूल्यांकन में कम और अधिक नंबर पाने वालों विद्यार्थियों की औसत संख्या का संज्ञान लिया। इस दौरान उन्होंने आवश्यकता अनुसार मूल्यांकन हेतु शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। केंद्र में बुधवार को भूगोल, इतिहास, विज्ञान, गणित, कॉमर्स, हिंदी और अंग्रेजी के पेपर की जांच की जा रही थी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बस्तर जिले को हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 66957 उत्तर पुस्तिका मिली है जिसमें 181 शिक्षकों द्वारा जाँच की जा रही है। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2024 के लिए 35110 उत्तर पुस्तिका मिली है जिसमें 125 शिक्षकों द्वारा जांच की जा रही है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान तथा स्कूल प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान दल के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया अवलोकन, पूछे कुछ सवाल भी



**रायगढ़, 4 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जिसके तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्नोत्तर भी किए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कार्य है। मतदान कार्य में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए मतदान कक्ष में मोबाइल एवं किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग प्रतिबंधित करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान केन्द्र में होने वाले मॉकपोल में बरती जाने वाली सावधानियां, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी कितना महत्वपूर्ण है उसकी भी जानकारी दी। उन्होंने विधानसभा एवं लोकसभा के मतदान में अंतर संबंधित प्रश्न भी किए, जिसका जवाब उन्होंने सबसे पहले समय का परिवर्तन, मतदान के दिन भरे जाने वाले लिफाफे के कलर का ध्यान रखने जैसे विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतदान के दिन मॉकपोल के दौरान या मतदान के दौरान मशीनों में खराबी आने पर तत्काल सेक्टर ऑफिसर के साथ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को सूचना देने की बात कही। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के बीच सामंजस्य बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदान दलों को अच्छे से प्रशिक्षण लेने और इस प्रशिक्षण के आधार पर ही मतदान दिवस के दिन बेहतर कार्य करने की बात कही। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रशिक्षण के दौरान किसी भी तरह के डाउट होने पर मास्टर ट्रेनर से तत्काल क्लियर करने और प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के शंका होने पर बेहिचक पूछने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, तहसीलदार रायगढ़ श्री लोमस मिरी सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वीवीपैट को गर्मी व लाइट से बचाए

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सीयू, बीयू और वीवीपैट मशीनों में सबसे संवेदनशील मशीन वीवीपैट है। आगामी मतदान की प्रक्रिया ग्रीष्मकाल में होगी, लिहाजा मतदान दिवस के दिन वीवीपैट को सूर्य की तेज रोशनी एवं लाईट की गर्मी से बचाकर रखना होगा। इसी प्रकार सामग्री वितरण एवं परिवहन के दौरान वीवीपैट मशीनों को सीधे सूर्य की रोशनी से बचाने हेतु हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए।

# बेअसर रहा बीजापुर बंद का आह्वान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 अप्रैल ।** माओवादी संगठनों द्वारा बीजापुर और सुकमा जिले के व्यापारी, ट्रांसपोर्टर और आम नागरिकों से 03 अप्रैल को सभी प्रतिष्ठानों एवं जिले को सम्पूर्ण रूप से बंद रखने का आह्वान किया गया था।बीजापुर कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने विषय की गंभीरता को देखते हुए जिले के समस्त व्यापारी पेट्रोल पंप एवं बस संचालकों की बैठक बुलाई एडीशनल एसपी एवं एसडीएम बीजापुर के द्वारा जिले के समस्त व्यापारियों को माओवादी बंद के आह्वान को सफल न बनाने एवं अपनी प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह सामान्य रूप से संचालित करने की अपील की थी। व्यापारी संघों ने स्वस्फूर्त होकर अपने-अपने प्रतिष्ठान को यथावत खोले और जिले में जनजीवन सामान्य रहा है।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने स्वयं बीजापुर के मार्केट का अवलोकन किया और सुबह का नास्ता भी होटल में किया जिससे जनमानस में सकारात्मक प्रभाव पड़ा यही नहीं कलेक्टर ने समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को सांकेतिक रूप से इस दिवस अपने घरेलू एवं आवश्यक सामानों की खरीदी करने का आग्रह किया। जिसके परिपालन में आज मार्केट की स्थिति काफी अच्छी रही। बीजापुर के अलावा भैरमगढ़, भोपालपटनम, आवापल्ली, उसूर में भी अनुविभागीय अधिकारी सीईओ, सीएमओ फील्ड में दिखे और खोखली विचारधारा के विरूद्ध जनसमुदाय को प्रेरित किया।ज्ञात हो कि लगातार पुलिस जवानों के द्वारा भय और आतंक के माहौल को समाप्त करने लगातार सर्चिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप मंगलवार को 13 माओवादी को मुठभेड़ के दौरान मार गिराए। माओवाद द्वारा भय एवं आतंक के माहौल तैयार कर आम नागरिकों को विकास से दूर रखने का कुप्रयास किया जा रहा है। किन्तु अब बीजापुर की स्थिति बेहतर से बेहतर होते जा रहा है। जनमानस में ऐसे खोखली विचार धारा के विरूद्ध जागरूकता बढ़ रही है और स्वयं को पहले से बेहतर सुरक्षित महसूस कर रहे हैं जिसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन की दूरदर्शी सोच एवं रणनीति प्रशंसनीय है। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने प्रशासन पर भरोसा जताकर स्वर्स्फूत अपने प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए व्यापारी संघ ट्रांसपोर्टर फुटकर व्यापारियों एवं जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया।

### प्रत्येक श्रमिक एवं कर्मचारियों को 7 मई मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 को संपन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में अर्थात 19 अप्रैल, 26 अप्रैल एवं 7 मई 2024 को मतदान कराया जा रहा है। जिसके तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 मई 2024 को मतदान होना है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है।

# बस्तर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने प्रचार कर मांगा लोगों से समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर, 4 अप्रैल । बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप आज बस्तर जिले के बस्तर विधानसभा क्षेत्र के मोंगरापाल, करपावंड, मूली,मंगनार,बनियागांव, नारावण्ड सहित अन्य क्षेत्रों में प्रचार करने पहुंचे। जहां वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने उनके पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान मोंगरापाल में भाजपा की रीति नीति व देश के प्रधानमंत्री से प्रभावित हो कर आज 1 दर्जन लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। सभी को तिलक व माला पहनाकर भाजपा नेताओं ने भाजपा प्रवेश करवाया है।बस्तर के मोंगरापाल में श्री नेताम ने कहा कि गरीबों के आवास के लिए मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है, लगातार मोदी जी के द्वारा गरीबो के हित मे कार्य किया जा रहा है, किसानो के लिए धान खरीदी समर्थन मूल्य मोदी की गारंटी के तहत मिला है। महतारी वन्दन योजना के तहत महिलाओं को 1000 रु उनके खाते में दिया जा रहा है।नेताम ने कहा आदिवासी भाइयों को तेंदूपत्ता का 5500? प्रति मानिक बोरा भाजपा सरकार दे रही है है। चरण पादुका फिर से भाजपा सरकार देगी, बस्तर के विकास के लिए सड़कों का जाल बिछाने का काम देश के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया है। बस्तर को उड़ान सेवा केंद्र की मोदी सरकार दी है। हमारे प्रत्याशी को जिताना है और मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। श्री नेताम ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में इसलिए आ रहे है क्योंकि कांग्रेस में उनका कोई भविष्य नही है इन दौरान जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी ने कहा कि इस बार हमें महेश कश्यप को जीताकर लोकसभा भेजना है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना के तहत गैस वितरण मोदी की देन है। दिल्ली में बैठकर बस्तर की चिंता करने वाले ऐसे नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। आपका गांव का बेटा आपके आस-पास का बेटा, गरीब परिवार के बेटे को सांसद चुनना है जिसके लिए आपको बीजेपी को वोट देना है।भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि मैं सामान्य छोटे से परिवार का बेटा आप सभी के बीच प्रत्याशी के रूप में आया हूं, यह सब देश के प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के कारण ही सम्भव हो पाया है, 100 दिन के भीतर कई वादे को पूरा करने वाली ऐसी भाजपा पार्टी जो लगातार विकास को ओर कार्य कर रही है। आप सभी 19 तारीख को बस्तर का बेटा, साथी को चुनने में सहायता करें जिससे के बस्तर के विकास का मुद्दा मै लोकसभा तक पहुँचा सकूं बस्तर को विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ा सकूं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, जी वेंकट,कमलचंद्र भंजदेव ,राजाराम तोडेम, वनवासी मौर्य,वेदप्रकाश पांडेय,आनंद मोहन मिश्रा, मनीराम कश्यप, प्रवीर बेसरा,लखमू राम ,राजेंद्र बाजपेयी, अनिल लुंकड़,धनुर्जय कश्यप,बबलू दुबे, सहित अन्य भाजपा सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

# दिव्यांग, वरिष्ठजन एवं तृतीय लिंग मतदाताओं का किया गया सम्मान



**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर जिले में व्यापक रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में आज जिला पंचायत में दिव्यांग, वरिष्ठजन एवं तृतीय लिंग के मतदाताओं को शॉल श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा स्वीप के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार द्वारा किया कार्यक्रम में 100 से अधिक मतदातागण शामिल हुऐ थे जिसमें जिले के 06 तृतीय लिंग के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक जागरूकता अभियान में भाग लेते हुऐ मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। सभी मतदाताओं ने एक स्वर स्लोगन बोलते हुए कहा कि ÷दिव्यांगों ने ठाना है वोट देने जाना है÷ ÷साथी कोई छूट न जाए मत देने में आगे आए÷ कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों के सहयोग हेतु आवश्यक सुविधाएं जैसे रैम्प, व्हील चेयर, इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वहीं वालिंटियर्स द्वारा 80 वर्ष से ऊपर वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदाय किया जाए। टोल फ्री नम्बर 1950 डायल करके निःशुल्क परिवहन की व्यवस्था हेतु मांग की जा सकती है। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने और शतप्रतिशत मतदान हेतु आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुरूप हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ताकि किसी वोटर को असुविधा न हो। सभी सुगमतापूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके वही 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्याग जनों को डाकमत पत्र 12 डी के तहत उनके घर पहुंच मतदान की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए 06 मतदान दलों का गठन किया गया है। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री कमलेश्वर पटेल ने दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं तृतीय लिंग के मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# मतदाता जागरूक कार्यक्रम अंतर्गत श्रमदान कर परिसर की सफाई की



**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूक अभियान अंतर्गत जिले में जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक शासकीय भवनों, स्कूलों एवम सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई किया गया । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाडेय के मार्गदर्शन में इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने के साथ मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाते हुए सभी कर्मचारियों को परिसर में स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कहीं साथ ही लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने अपने परिवार एवं परिचितों को जागरूक करने को कहा इस अवसर पर उप संचालक पंचयात श्री गीत कुमार सिन्हा डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उइके सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक ने ली लोकसभा निर्वाचन के समस्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**बीजापुर, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक 2006 बैच के वरिष्ठ आईएएस डॉ. जे गणेशन एवं पुलिस प्रेक्षक श्री रामकिशन आईपीएस ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत समस्त नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन की समस्त तैयारियों की विस्तृत जानकारी से प्रेक्षकों को अवगत कराया विगत विधानसभा निर्वाचन के दौरान की गई तैयारियों एवं वर्तमान लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के तुलनात्मक रूप से बेहतर योजना बनाकर सफलतापूर्वक निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित करने का आश्वासन दिया। सामान्य प्रेक्षक ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, शिफ्टींग मतदान केन्द्रों के विगत निर्वाचन में औसत प्रतिशत, हैलिकाप्टर से जाने वाले मतदान दल, सड़क मार्ग से जाने वाले मतदान दलों की सुरक्षा संबंधी रणनीति, अन्तर्राज्यीय एवं अन्तर्रजिला बार्डर पर स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा की गई कार्रवाई एवं जस्ती, डाकमत पत्र के तहत होम वोटिंग, 85 वर्ष से ऊपर एवं विकलांग वोटरों के लिए मतदान दल का गठन, सर्विस वोटर, ईडीसी वोटर, वेबकास्टिंग, सी-विजिल एप सहित जनवरी माह से अबतक प्रतिमाह शराब दुकानों में विक्रय की गई, शराब सहित स्ट्रांग रूम, वेयर हाऊस सहित निर्वाचन के सम्पूर्ण प्रक्रिया पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एडीशनल एसपी श्री चंद्रकांत गवर्ना, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल सहित समस्त नोडल एवं प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।



### सामान्य प्रेक्षक से कर सकते हैं चुनाव से संबंधित शिकायत

**बीजापुर 4 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने संसदीय क्षेत्र 10 बस्तर हेतु प्रेक्षक (सामान्य) डॉ. जे. गणेशन (आईएएस) की नियुक्ति की गई। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रेक्षक गणेशन का मोबाईल नम्बर 7647042507 आमजनों के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा प्रेक्षक से प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक चुनाव से संबंधित शिकायत एवं सुझाव हेतु जगदलपुर के सर्किट हाऊस में स्थापित अस्थाई कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पुलिस प्रेक्षक से कर सकते हैं चुनाव से संबंधित शिकायत

**बीजापुर 4 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने संसदीय क्षेत्र 10 बस्तर हेतु पुलिस प्रेक्षक श्री रामकिशन (आईपीएस) की नियुक्ति की गई। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा पुलिस प्रेक्षक श्री रामकिशन (आईपीएस) का मोबाईल नम्बर 7647042502 आमजनों के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा प्रेक्षक से प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक चुनाव से संबंधित शिकायत एवं सुझाव हेतु जगदलपुर के सर्किट हाऊस में स्थापित अस्थाई कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### खंड चिकित्सा अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

# मोबाइल एप से मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

रायगढ़, 4 अप्रैल। निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।वोटर हेल्पलाइन एप-वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन संबंधी शिकायत भी की जा सकती है। सी-विजिल एप-इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या ऑडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।सक्षम मोबाइल एप-इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल (यूजर फ्रैंडली)बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है। सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

सुविधा कैंडिडेट एप -इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है।

इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है। वोटर टर्न ऑउट एप-इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया लू के लिए अलर्ट, बताए बचाव के उपाय

**रायगढ़, 4 अप्रैल।** जिले में तापमान में वृद्धि हो रही है। तापमान बढ़ने से लू का प्रभाव शुरू हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू के लिए अलर्ट करते हुए उसके प्रभाव से बचने के लिए सावधानियां बरतने को कहा है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने एवं प्रारंभिक उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर पर भी प्रारंभिक उपचार की जा सकती है, जैसे तेज बुखार आने पर सिर में ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, पानी व तरल पदार्थ अधिक लें, फिर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लू के मरीजों के लिए उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी कार्नर की स्थापना की गई है।

जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. कल्याणी पटेल ने बताया कि तेज धूप के कारण लू की आशंका ज्यादा हो जाती है, लू के कारण अगर शरीर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाये तो कभी-कभी ये जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने लू के लक्षण के बारे में बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द एवं भारीपन, उल्टी आना, मुंह सूखना, षरीर में पसीना न आना, भूख कम लगना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, पेशाब कम एवं पीला आना आदि लू के प्रारंभिक लक्षण होते हैं।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रथम चरण के लिए 550 शासकीय सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

## गायब रहने वालों को मिलेगा शोकाज नोटिस, मतदाता शपथ एवं मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**भाटापारा, 4 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण जिला बलौदा बाजार- भाटापारा के विभिन्न विकासखंडो में दो एवं तीन अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु भाटापारा में मतदान दलो का प्रथम चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर की शासकीय पंचम दीवान उ मा माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। दीप्ति गौते अपर कलेक्टर के विशेष मार्गदर्शन में आज प्रथम दिवस 11:00 बजे से 5:00 बजे तक आयोजित मतदान प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाटापारा के विभिन्न विभागों के सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों ने मतदान प्रक्रिया के संबंध में गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त किया। संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर ने प्रशिक्षणरत शासकीय सेवकों को निर्वाचकीय कार्यों के संबंध में गंभीरता से सीखने के लिए प्रेरित किया।जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने विभिन्न सत्रों के दौरान निर्वाचन दल को सफलता पूर्वक चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए मतदान अधिकारी एक, दो तीन और पीठासीन अधिकारी, मतदान दल की जिम्मेदारियां, ईवीएम मशीन के संचालन की प्रक्रिया आदि पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। आम चुनाव के लिए प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन 560 शास .सेवकों का प्रशिक्षण रखा गया था, जिसमें 10 कर्मी अनुपस्थित रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम भाटापारा नितिन तिवारी के दिशा निर्देश पर प्रशिक्षण स्थल पर शासकीय अमले के सुगम प्रशिक्षण हेतु बैठक व्यवस्था, कुशल प्रशिक्षको के द्वारा सत्रवार ट्रेनिंग, जलपान एवं भोजन व्यवस्था के लिए विभिन्न विभागों ड्यूटी लगाई गई थी।

प्रशिक्षण स्थल पर ही शासकीय सेवकों के लिए डाक मत पत्र इशू करने के फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। डाक मतपत्र हेतु कर्मियों को फार्म 12 में विधानसभा का नाम, निर्वाचक नामावली में भाग संख्या, इपिक कार्ड का विवरण, मोबाइल नंबर, फोटोग्राफ सहित आवश्यक जानकारी देनी होगी। डाक मत पत्र हेतु विधानसभा क्रमांक 46 भाटापारा के लिए सीडीपीओ भाटापारा को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

प्रशिक्षण सत्र के अंतिम में लोकतांत्रिक परंपराओं के निर्बाध निर्वाहन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता शपथ कार्यक्रम का संक्षिप्त आयोजन किया गया, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन तिवारी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लेते हुए प्रशिक्षण स्थल पर 700 से ज्यादा उपस्थित शासकीय सेवकों ने निर्भीक एवं अनिवार्य मतदान हेतु शपथ दिलाई। प्रशिक्षण स्थल पर मतदाता शपथ के बाद समस्त कर्मियों मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर करते हुए मतदान हेतु संकल्प भी लिया। मतदाता जागरण की दृष्टिकोण से प्रशिक्षण स्थल पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक निष्पादन हेतु अनु विभाग राजस्व द्वारा तहसीलदार एवम नायब तहसीलदार भाटापारा, पुलिस विभाग, जनपद, स्कूल शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, शाला प्रशासन आदि को दायित्व सौपे गए है।

## एक नजर

### कस्टम मिलिंग में लगे वाहनों को सभी मार्गों में 24 घंटे परिवहन की मिली छूट

**बलौदाबाजार 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को दृष्टिगत रखते हुए कस्टम मिलिंग के धान, चावल एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सामग्री परिवहन में लगे वाहनों को आवागमन में आगामी वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक शहर के सभी मार्गों में 24 घण्टे परिवहन करने की छूट प्रदान की गई है। ज्ञातव्य है कि खरीफविपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत सीएमआर चावल उपार्जन कार्य, धान संग्रहण केन्द्रों से मिलर्स द्वारा धान का उठाव, खरीदी केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों तक धान का आंतरिक परिवहन एवं मिलर्स द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव कर कस्टम मिलिंग योजनांतर्गत जिले के प्रदाय एवं उपार्जन केन्द्रों में चावल का परिवहन किया जा रहा है ।निषिध समय में प्रतिबंधित क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं कस्टम मिलिंग योजनांतर्गत प्रयुक्त वाहनों को प्रवेश की अनुमति नहीं होने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं कस्टम मिलिंग से संबंधित कार्य बाधित होता है एवं समय-सीमा में कार्यों का क्रियान्वन नहीं हो पाता है। परिवहन की छूट मिलने से कस्टम मिलिंग से सम्बंधित कार्य समय पर पूरा हो सकेगा।

### अप्राकृतिक शारीरिक संबंध बनाने वाला पति व छेड़छाड़ का आरोपी ससुर गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अपराध रोकथाम एवं घटित अपराधो में त्वरित कार्यवाही कर दोषियो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने दिये दिशा निर्देश के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष आरोरा के मार्गदर्शन में थाना हथबंद के अपराध क्रमांक 74/2024 धारा 377, 354, 354(क), 323, 506, 34 भादवि के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम राजू ओगरे पिता मालिकराम ओगरे उम्र 28 वर्ष साकिन ग्राम चक्रवाय थाना सिमगा हाल ग्राम डोंगरिया थाना हथबंदमालिक राम ओगरे पिता स्व. बलीराम ओगरे उम्र 55 वर्ष साकिनान चक्रवाय थाना सिमगा हाल डोंगरिया थाना हथबंद है। प्रकरण की पीडिता के लिखित आवेदन पर 1 अप्रैल को थाना सिमगा में थाना प्रभारी सिमगा द्वारा उक्त धाराओ के तहत 0/2024 अपराध कायम किया गया। मामला हथबंद थाना क्षेत्र का होने से अग्रिम विवेचना थाना हथबंद को प्राप्त होने पर थाना प्रभारी हथबंद निरीक्षक हेमंत पटेल द्वारा नंबरी अपराध कायम किया जाकर थाना हथबंद पुलिस द्वारा प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियो को हिरासत में लिया गया है। विवेचना एवं जांच तस्दीक पर आरोपियों द्वारा अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से 2 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## भयादोहन कर, झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर लाखों वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफोश

# गिरोह के तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- मामले में एक अन्य आरोपी महान मिश्रा को पूर्व में ही किया जा चुका है गिरफ्तार
- आरोपियों ने धनाढ्य वर्ग कें लोगो को सेक्स रैकेट, बलात्कार के मामले में फंसाने के नाम पर भयादोहन कर करते थे पैसे की मांग
- संपूर्ण गिरोह बहुत ही सुनियोजित तरीके से करता था काम, सभी सदस्यों के काम का बंटवारा कर सब निभाते थे अपनी-अपनी अलग भूमिका
- आरोपियों से उगाही के पैसे से खरीदे हुए 5 सोने की अंगूठी एवं एक चांदी का पायल को भी किया गया जब्त
- अभी तक की जाँच में गिरोह द्वारा भयादोहन कर 41 लाख रुपए की, की गई है वसूली
- गिरोह के मास्टरमाइंड एवं सरगना शिरीष पांडे, पुष्पमाला फेकर है फरार, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की पांच टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर दी जा रही है लगातार दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल।** थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 250/2024 धारा 384, 389, 34 भादवि के प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई है, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना शिरीष पांडे, मंजूलता फेकर, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा उसके पश्चात पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये, उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए, मोटी रकम उगाही की जाती थी। ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक़ कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में विवेचना कार्यवाही में लिया गया। प्रकरण में अब तक कुल 04 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर में भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है।

इस गिरोह द्वारा बहुत ही सुनियोजित तरीके से बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के धनाढ्य एवं विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए लोगों को अपने झांसे में लिया जाता था तथा उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। यह गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से अपने काम को अंजाम देता था तथा गिरोह के सभी सदस्यों के मध्य काम का बंटवारा करते हुए सभी सदस्य अपनी अलग-अलग भूमिका निभाते थे। गिरोह का मुख्य सरगना एवं मास्टर माइंड शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर है, जो कि अभी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस की विवेचना, पूछताछ, जांच करवाई में गिरोह के सदस्यों एवं संपूर्ण प्रकरण के संबंध में अब तक की जांच बिंदु कुछ इस प्रकार है।

मुख्य सरगना एवं मास्टरमाइंड शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर हैं। दूसरा आरोपी मोंटी उर्फप्रत्यूष मरैया एवं दुर्गा टंडन- दोनों आरोपी लोकल बलौदाबाजार के निवासी होने के कारण टारगेट पॉइंट (प्रार्थी) से मिलने एवं उन्हें फंसाने के लिए आने वाली लड़कियों के बलौदाबाजार शहर में रहने, खाने एवं अन्य सुविधाओं का इंतजाम करते थे। हीराकाली - यह प्रकरण की एक अन्य आरोपी है, जो कि टारगेट को फंसाने के लिए लड़की का इंतजाम करती थी। पत्रकार आशीष शुक्ला- यह आरोपी पत्रकारिता की आड़ में बहुत ही शातिर तरीके से टारगेट को धमकाने के लिए उसका यह कृत्य न्यूज एवं प्रेस के माध्यम से लोगों तक पहुंचा दिया जाएगा, इस प्रकार का लोक-लाज का भय दिखाकर वसूली करने का काम करता था। महान मिश्रा- यह पेशे से अधिवक्ता है तथा अपनी पहुंच एवं पहचान का रौब दिखाकर उगाही की गई रकम को संभालने एवं आपस में बंटवारा करने का काम करता था। आरोपीगण के मेमोरंडम कथन के अनुसार उगाही की गई मोटी रकम को सभी आपस में बांटते थे। अभी तक की जांच एवं विवेचना में गिरोह द्वारा विभिन्न लोगों से लगभग 41 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण के आरोपीगण को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है तथा प्रकरण के अन्य फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशिष शुक्ला, शिरिस पांडे का पता तलाश पुलिस की पांच अलग-अलग टीमों के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित, जिनको डराकर, धमकाकर, पैसा वसूली की गई है, वह भी थाना सिटी कोतवाली आकर, अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

### वारदात का तरीका

गिरोह द्वारा धनाढ्य एवं रिटायर्ड कर्मीयों को टारगेट किया जाता था, फिर टारगेट सेट कर उससे मिलजुल बढ़ाते हुए टारगेट से महिला को मिलाने का दिन एवं समय फिक्स किया जाता था। तत्पश्चात महिला उस टारगेट से मिलने जाती थी। इस दौरान गिरोह के सदस्यों द्वारा महिला के घर/रूम के अंदर जाने एवं घर/रूम के बाहर आने का फोटो ले लिया जाता था, फिर इसी फोटो के माध्यम से उस टारगेट को भयादोहन करने का सिलसिला प्रारंभ किया जाता था। गिरोह द्वारा टारगेट को महिला संबंधी अपराध में फंसा देने, इसका न्यूज़ बनाकर मीडिया में वायरल कर देने एवं लोक-लाज का भय दिखाते हुए धमकाया जाता था। फिर टारगेट मायूस एवं दुखी होकर गिरोह की मांग के अनुसार रुपए गिरोह के सदस्यों को दे देता था। इस प्रकार गिरोह बहुत ही शातिर तरीके से घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा था।

# शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी से 8.280 बल्क देशी मसाला शराब किया गया जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल।** ''अभियान सृजन'' के तहत पुलिस उप महानिरीक्षक एवम् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी निधी नाग के मागर्दशन एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अजय झा के कुशल निर्देशन चौकी प्रभारी करहीबाजार नवीन शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है इसी क्रम में आज दिनांक 03.04.2024 को अवैध जुआ शराब सट्टा रेड कार्यवाही अभियान दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस चौकी करहीबाजार से प्र.आर.हितेंद्र सोनी, संतकुमार बिंझवार सत्यनारायण मरावी, आर. श्रीचंद ध्रुव, टिकेश्वर गायकवाड, , दीपक कुर्रे द्वारा ग्राम बिटकुली मे अवैध रूप बिक्री करने रखे आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से कुल 8.280 बल्क देशी मसाला शराब जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्रमांक 254 /24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड हेतु रवाना किया गया। आरोपी का नाम - नरेंद्र कुमार जांगड़े पिता सुखदेव जांगड़े उम्र 30 वर्ष साकिन बितकुली पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलोदाबाजार(छ.ग.) जप्ती - एक सफेद रंग प्लास्टिक बोरी के अंदर 46 पाव देशी मसाला शराब शीलबंद प्रत्येक में 180 एम.एल.शराब भरी हुई कुल 8.280 बल्क लीटर कुल किमती 5060/- रूपये।



# जलेबी दौड़, रस्साकस्सी से छात्रों ने दिया शत् प्रतिशत मतदान का संदेश

## स्वीप के तहत विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, फर्स्ट टाइम वोटर भी हुए सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत कसडोल के द्वारा नगर के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जलेबी दौड़, रस्सा-कस्सी एवं रंगोली के माध्यम से जिले में शत् प्रतिशत मतदान हेतु आमजनों को संदेश दिए। साथ ही इस अवसर पर विशेष पिछड़ी जनजाति महिला वोटर एवं फर्स्ट टाइम युवा वोटरों का सम्मान भी किया गया। महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के.एल. चौहान कार्यक्रम शामिल हुए। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए लोकतंत्र में वोट के महत्व को रेखांकित किया साथ ही बेहतर अयोजन के लिए जनपद पंचायत की पूरी टीम को बधाई दिया। उन्होने कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। आप सभी अपने घरो प्रत्येक सदस्यों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करे। इस दौरान कलेक्टर ने सभी स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, अधिकारी कर्मचारी को शत् प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महिलाओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, कसडोल एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु वर्मा, स्थानीय मिडिया कर्मी सहित बड़ी संख्या में पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



### 235 लीटर कच्ची शराब व 1200 किलो लाहन जब्त

**बलौदाबाजार, 4 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 3अप्रैल 2024 को गस्त के दौरान वृत्त कसडोल क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम द्वारा बडी कार्रवाई करते हुए कुल 235 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब जब्त की गई एवं 1200 किलोग्राम महुआ लाहन का सैम्पल लेकर विधिवत नष्ट किया गया।अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क)(च), 34(2), 59(क) का प्रकरण आबकारी वृत्त कसडोल में कायम कर विवेचना में लेकर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई से शराब के अवैध कारोबारियों में दहशत का माहौल है। जिला आबकारी अधिकारी एल.क़े. गायकवाड़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना गिधौरी अन्तर्गत ग्राम भैंसामुड़ी में एक 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम में भरी 120 लीटर एवं दो 10 लीटर क्षमता वाले जरीकेन में भरे प्रत्येक में 10 -10 लीटर कुल 20 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब कुल 140 लीटर जब्त किया गया एवं 18 बोरियों में प्रत्येक में 30- 30 किलोग्राम कुल 540 किलोग्राम महुआ लाहन का सैम्पल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। इसीप्रकार गिधौरी थाना के ही ग्राम घटमड़वा में 10 लीटर क्षमता वाले जरीकेन में भरी प्रत्येक में 10 -10 लीटर कुल 40 लीटर, दो 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बे में भरी प्रत्येक में 15 -15 लीटर कुल 30 लीटर एवं 5 लीटर क्षमता वाले जरीकेन प्रत्येक में भरी 5 -5 लीटर कुल 25 लीटर कुल मात्रा 95 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया एवं 22बोरियों में प्रत्येक में 30- 30 किलोग्राम कुल 660 किलोग्राम महुआ लाहन का सैम्पल लेकर विधिवत नष्ट किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403092100100**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2023-2024

देवकट्टा प.ह.न. 00018 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-फागुराम, गोपेश, भुनेश्वरी,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) फागुराम वल्द सालिक राम जाति राउत (2) गोपेश वल्द भगवान सिंग जाति राउत (3) भुनेश्वरी पति भगवान सिंग जाति राउत निवासी ग्राम देवकट्टा, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक एवं भगवान सिंह ने अनावेदक हिरदेराम, बली के परिवार पैत्रिक स्वामित्व की सम्पत्ति ग्राम देवकट्टा तहसील डोंगरगढ में खसरा नंबर 116 का टुकड़ा एवं खसरा नंबर 773 में रकबा क्रमशः 0.23 एवं 0.76 भूमि था। जिसको दिनांक 13/05/1992 को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र के द्वारा खसरा नंबर 116 का टुकड़ा एवं खसरा नंबर 773 में रकबा क्रमशः 0.23, 0.76 को आवेदकगण को विक्रय कर दिया था। वाद सम्पत्ति को क्रय करने के बाद वादसम्पत्ति पर आवेदकगण का नाम नामांतरण क्रमांक 115 दिनांक 15/03/1994 को दर्ज किया गया और ऋण पुस्तिका जारी किया गया था। उसके बाद से आवेदकगण वादसम्पत्ति पर काबिज होकर कास्तकारी कर जीवन यापन कर रहे है। आवेदकगण को विक्रय किये जाने के बाद खसरा नंबर 773 रकबा 0.76 डिसमिल भूमि का तीन टुकड़ा वर्तमान में खसरा नंबर 773/2 रकबा 0.1330 हे. अनावेदक मुकेश एवं खसरा नंबर 773/3 रकबा 0.1340 हे. अनावेदक लालचंद के नाम ऑनलाईन अभिलेख पर दिखा रहा है, शेष बचत भूमि 0.10 डिसमिल शेष आवेदकगण के नाम पर दिखा रहा है। वर्तमान बी-1 में दर्ज नाम बिसोबाई, श्यामलाल की मृत्यु हो चुकी है। जिसके वारिसान अनावेदकगण है। आवेदकगण के द्वारा राजस्व अभिलेख को ढुंढने पर भी जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। त्रुटि सुधार किये जाने का निवेदन किया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ ऑनलाईन बी-1, वकालतनामा, तलवाना पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.04.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/03/2024 को जारी किया जाता है।


मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## ग्रम खैरी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

# भागवत भगवान का निवास व विशुद्ध प्रेम शास्त्र है : हरगोपाल शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 4 अप्रैल।** ग्राम खैरी में भगवती प्रसाद कमल नारायण वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पं, हरगोपाल शर्मा भाटापारा वालों द्वारा अपनी सरल एवं सरस वाणी से कर्ण प्रिय ज्ञानमय कथा का वाचन किया जा रहा है जिसे सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही भाटापारा से भी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कथारसिक ग्राम खैरी पहुंच रहे है।

भागवत कथा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पं, हरगोपाल शर्मा ने बताया की भागवत विशुद्ध प्रेम शास्त्र व भगवान के श्रीमुख से निःसृत ग्रंथ है भागवत के चार अर्थ होते है, जो भगवान का हो जाए वो भागवत है, भगवान के भक्तों का नाम भागवत है, भगवान के निवास का नाम भागवत है, भगवान के उपदेश का नाम भागवत है व भगवान के प्रियजनों का नाम भागवत है इसलिए जो भगवान से संबंध जोड़ लेता है वो भागवत हो जाता है मृत्यु को मंगलमय बनाने व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद् भागवत है। जैसे नदियों में गंगा, देवताओं में कृष्ण, वैष्णवो में भगवान शंकर और क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद् भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम है। श्रीमद् भागवत कथा ब्राह्मणों में विद्या का प्रकाश करती है, क्षत्रियों में विजय की भावना भरती है व समस्त वर्गों के धन, स्वास्थ्य व सेवा भाव में वृद्धि करती है। पांच प्रकार के उग्र पाप करने वाला पापी भी भागवत कथा श्रवण मात्र से शुद्ध हो जाता है।

पंडित हरगोपाल शर्मा ने बताया की मनुष्य के लिए कोई परम धर्म है तो वो है भगवान के चरणों में प्रीति जिसके माध्यम से नर भी नारायण के पद को प्राप्त कर सकता है इसका उदाहरण ध्रुव महाराज है। शर्मा ने सुकदेव व परीक्षित के जन्म की कथा को बड़े ही विस्तार से सुनाया, कपीलोपख्यान, जड़भरत चरित्र व विभिन्न प्रसंगों को सुन श्रोता भाव विभोर होते रहे भक्त प्रह्लाद के चरित्र पर उन्होंने कहा की भगवान को भूल जाना ही सबसे बड़ी विपत्ति व सदैव भगवान की याद बने रहना सबसे बड़ी संपत्ति है भक्त की बात रखने लिए भगवान जड़ में भी चैतन्य रूप में प्रगट हो अपने भक्त की रक्षा करते है। जब जब इस धरा में धर्म की हानि होती हैं और पाप बढ़ जाता है तब तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की रक्षा एवं पापियों का नाश कर पुनः धर्म की स्थापना करते है। भगवान राम व कृष्ण के जन्मोत्सव पर श्याम मित्र मंडल के संजय शर्मा, गिरधर महाराज द्वारा गाए गए सुंदर भजन व बधाई गीतों में उपस्थित जनसमुदाय भाव विभोर हो झूमते व नाचते रहे। कथा स्थल पर प्रतिदिन भीड़ बढ़ती जा रही है और श्रोतागण भी बड़े ही उत्साह एवं भाव से कथा का रसपान कर रहे है। आज की कथा में प्रमुख रूप से भाटापारा नगर से नरेश चौबे, तंजीव अरोरा, दिनेश सोनी, नंदलाल तनवानी, देवेंद्र भृगु, अधिवक्ता सुरेश यदु, गोविंद अग्रवाल, मुरारीलाल शर्मा, शैलेंद्र उपाध्याय, जय भोले कांवरिया संघ से रामजी जोशी, रवि गुप्ता, प्रमेंद्र भृगु सहित अन्य धार्मिक व सामाजिक संस्था के सदस्य उपस्थित रहे जिनका आयोजक परिवार द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया।

एक नजर

### वेंडरों के सामने रोजी रोटी की समस्या

**रायपुर, 4 अप्रैल।** रेलवे स्टेशन रायपुर में खान पान ठेकेदार द्वारा रेलवे को दी जाने वाली लाइसेंस फीस का भुगतान आज पर्यन्त तक नहीं किये जाने के कारण वर्षों से काम करने वाले वेंडरों की रोजी रोटी की समस्या पैदा हो गई है, साथ ही अनुचित ढंग से कार्रवाई का भय भी सता रहा है। इस संबंध में रेलवे खान पान सेवा ठेकादारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा वेंडरो के हितों को ध्यान में रखते हुए रेलवे के आला अधिकारियों सहित चेयरमैन को पत्र के माध्यम से न्याय की मांग की गई है। यह जानकारी अध्यक्ष ऋषि उइके ने दी है।

### कुकिंग क्लास 6 व 7 को

**रायपुर, 4 अप्रैल।** समर्पण सखी महिला मंडल के तत्वावधान में 6 एवं 7 अप्रैल को नागपुर निवासी कुकिंग क्वीन नीरज जैन द्वारा कुकिंग क्लास जिनकुशल जैन दादाबाड़ी एमजी रोड में ली जा रही है। दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक चीज़ केक आइसिंग केक वेफल्स मॉकटेल शेक सिज़लर ब्राऊनी ग्रेविया स्टार्टर स्नैक्स आदि आइटम बनाना सिखाये जाएंगे।

### मानव जीवन में ईश्वर की आराधना भी कर्तव्य है : स्वामी चिन्ना

**रायपुर, 4 अप्रैल।** श्री दूधाधारी मठ कोई सामान्य मंदिर नहीं है यहां आकर जिस दिव्यता का अनुभव हुआ वह अनिर्वचनीय है उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता यह बातें तेलंगाना के हैदराबाद से आए हुए अनंत विभूषित स्वामी चिन्ना जियर रामानुजाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में आराधना भी एक कर्तव्य है। भगवान राम की आराधना सभी लोग किया करते हैं लेकिन भगवान राम भी किसी की आराधना करते थे, भगवान रघुनाथ जिसकी आराधना करते थे वह विग्रह इस मंदिर में विराजमान है। भगवान में और भगवान के विग्रह में ठीक वैसे ही कोई अंतर नहीं है जैसे आप और आपके अपने शरीर में।

# बस्तर, राजनांदगांव, महासमुंद कांकेर की मतदाता सूची फ्रीज

## आज नामांकन की अंतिम तिथि, मतदान कराने जिलों में शुरू हुआ प्रशिक्षण

■ मुख्य नगरसंवाददाता

**रायपुर, 4 अप्रैल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार लोकसभा के आज द्वितीय चरण के चुनाव के लिए कुल तीन लोकसभा क्षेत्रों राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर में नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि पर राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के अलावा क्षेत्रीय दलों एवं निर्दलियों ने भी एक-एक सेट जमा किया है। आयोग के अनुसार बस्तर, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। अब इसमें कोई विलोपन अथवा नाम जोड़ने की कार्रवाई नहीं होगी।

आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात आज छत्तीसगढ़ के लोकसभा की तीन सीटों पर नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल, नाम वापसी की तिथि 8




अप्रैल तथा मतदान की तिथि 26 अप्रैल, मतगणना 4 जून को होगी। आयोग के अनुसार तीन लोकसभा क्षेत्रों राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर के 6567 केंद्रों में मतदान सम्पन्न होगा। आयोग ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए प्रेक्षक भी नियुक्त कर दिए हैं। राजनांदगांव में सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेन्द्र कुमार तथा व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उदय को बनाया गया है। कांकेर में सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी राजू, व्यय प्रेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं। नामवापसी की तिथि के पश्चात ये प्रेक्षक क्षेत्र में घूमकर मतदाताओं की शिकायतों को सुनेंगे तथा निराकरण करेंगे। नामवापसी तथा मतदान की तिथि में इन प्रेक्षकों का रहना अनिवार्य होगा।

### मतदान का समय निर्धारित

आयोग ने अलग-अलग जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान का समय तय किया है। बस्तर के कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा व बीजापुर तथा कांकेर के डौंडीलोहारा, सिहावा, संजारी बालोद, अंतागढ़ में प्रातः 7 से 3 बजे तक मतदान होगा। गरियाबंद जिले के 100 से अधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हो जाएगा। निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान कराने के लिए आयोग की समस्त एजेंसियां सक्रिय है। संपत्ति विरूपण से लेकर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 30 करोड़ से अधिक नकदी एवं आभूषण जब्त किए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी सभा, जुलूस की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हेलीकाप्टर की सेवाएं ली जाएंगी ताकि मतदान दल सुरक्षित आ-जा सकें। यहां पैरामिलिट्री फोर्स की भी तैनाती की जाएगी। आयोग के अधिकारी प्रतिदिन जिलों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। आयोग के अनुसार मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसके तहत अलग-अलग केंद्रों से मतदान सामग्री लेनी होगी। इसके पश्चात मतगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ज्ञात रहे राजनांदगांव में भूपेश बघेल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं जिसके कारण अब यहां पर सबकी नजर इसी सीट पर लगी हुई है। भाजपा के संतोष पांडेय से उनका मुकाबला है। महासमुंद में भाजपा की रूपकुमारी चौधरी तथा कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू आमने-सामने हैं। कांकेर में भाजपा के भोजराज नाग व कांग्रेस के बीरेश ठाकुर में सीधा मुकाबला है।

# आयोग में शिक्षा, आबकारी व महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण फाइलें लटकी

■ 6 जून के बाद नीतिगत मामलों पर होगा फैसला
■ रेडी-टू-ईट स्वसहायता समूहों को देने के मामले पर भी लगा पेंच

■ मुख्य नगरसंवाददाता

**रायपुर, 4 अप्रैल।** आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा के पश्चात सभी महत्वपूर्ण फाइलों का निपटारा आयोग के माध्यम से किया जा रहा है। आयोग के समक्ष महिला बाल विकास विभाग द्वारा रेडी टू ईट को स्वसहायता समूहों को दिए जाने, शिक्षकों के स्थानांतरण तथा आबकारी विभाग में विभिन्न ब्रांड की शराब खरीदने की फाइलों के अनुमोदन का मामला लंबित हैं।

कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारी इस वर्ष अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इसलिए यहां पर दिल्ली से बड़ी संख्या में अधिकारियों को वापस बुलाया जा रहा है। राज्य कैडर के अधिकारी छत्तीसगढ़ में शीघ्र ही अपनी ज्वाइनिंग देंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नवीन पदस्थापना का कार्य देखेंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा रेडी टू ईट कार्यक्रम के तहत विधानसभा में की गई घोषणा ठंडे बस्ते में चली गई है। आयोग को अनुमति हेतु फाइल भेजी गई है लेकिन मतगणना तिथि 4 जून के पश्चात ही इस पर कोई फैसला हो पाएगा। शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए हैं लेकिन प्राचार्य व व्याख्याताओं के स्थानांतरण को लेकर घमासान मचा हुआ है। शिक्षा मंत्री ने विधायकों एवं कार्यकर्ताओं की अनुशंसा पर शिक्षकों के स्थानांतरण कर दिए हैं लेकिन इसे अभी तक अनुमोदन नहीं मिल पाया है। राज्य में आबकारी विभाग द्वारा नई नीति के तहत विदेशी मदिरा समूहों के ब्रांडेड शराबों की लिस्ट बनाई गई है जिसमें ख्यातिनाम कंपनियों की ब्रांडेड शराब सरकार द्वारा संचालित दुकानों में उपलब्ध रहेगी। लेकिन इसे भी अनुमति नहीं मिल पाई है। आयोग के समक्ष इस समय अतिक्रमण, तीन वर्ष से अधिक जमे अधिकारी, कर्मचारियों के स्थानांतरण की सबसे ज्यादा शिकायतें आई है। आयोग में इस समय विभिन्न विभागों की फाइलों का जमावड़ा लगा हुआ है। लोक निर्माण विभाग के तहत नई सड़कों के टेंडर, भवन का लोकार्पण तथा अन्य काम लंबित हैं।

### राजकुमार कालेज के सामने से शराब दुकान हटाने की कार्रवाई शुरू

राजकुमार कालेज के समाने देशी-विदेशी मदिरा समूह की दुकान को हटाने के लिए स्थानीय विधायक राजेश मूणत ने पहल की है। जिला प्रशासन ने नई शराब दुकानों की फेहरिस्त में इसे रखा है। ज्ञात रहे राजकुमार कालेज के पास इस भट्ठी के कारण आए दिन विवाद होता है। अभी यह नहीं पता चला है कि यह शराब भट्ठी कहां जाएगी लेकिन यहां के कर्मचारी भट्ठी हटने की जानकारी शराब प्रेमियों को दे रहे हैं। इस समय चंदनडीह से लेकर गंजभट्ठी एवं भाटागांव शराब भट्ठी में शराब विक्रय के दौरान काफी आपराधिक गतिविधियां होती है।

## मिनीमम कट तकनीक से मरीज का जोड़ प्रत्यारोपण

**रायपुर, 4 अप्रैल।** अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने मिनीमम कट तकनीक द्वारा 45 बीएमआई वाले मरीज का सफल नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) परफॉर्म किया। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज का वजन 100 कि.ग्रा. था और बीएमआई 45 और वह मोटापे की Morbid Obesity कैटेगरी में आता था। ज्यादा वजनी का ऑपरेशन ना सिर्फकठिन होता है इसमें, इंफेक्शन की संभावनाएं अधिक होती है। डॉ. सिंघल ने यह ऑपरेशन अपनी इनोवेटिव मिनिमम कट तकनीक से किया है। जिसकी वजह से मरीज का ना सिर्फ जोड़ ठीक किया गया, उनका पैरों के टेढ़ेपन को भी ठीक किया गया। आज मरीज पूरी तरह स्वस्थ है एवं अपनी सामान्य जीवन-यापन कर रहा है तथा उसका घुटना पूरी तरह ठीक हो गया है। डॉ. सिंघल ने बताया कि अधिक बीएमआई वाले मरीज का नी रिप्लेसमेन्ट (टीकेआर) एक अपने आप में जटिल क्रिया है लेकिन इस अद्भूत मिनीमम कट तकनीक द्वारा क्षतिग्रस्त जोड़ को भी फिर से ठीक किया जाता है। डॉ. सिंघल ने इस सर्जरी के लिये विदेश जैसे इग्लैण्ड एवं अमेरिका में ट्रेनिंग लिया है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इज़ात की हुई इस मिनिमम कट तकनीक से 7000 से भी ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है। इस तकनीक से मरीजों की रिकवरी फास्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है।



# बूथ स्तर पर चुनावी तैयारी की रूपरेखा बनाई गई



**रायपुर, 4 अप्रैल।** कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने बताया कि पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 में वार्ड कांग्रेस की बैठक आहूत की गई, जिसमें लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय के लिए बूथ वाईस घर-घर जाकर अपील करने रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही कांग्रेस की पाँच न्याय पच्चीस गारंटी जिसमें नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी योजना में प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को 8333/- प्रति महिना सीधे उनके खाते में पैसा ट्रांसफर, आधी आबादी, पूरा हक केन्द्र सरकार में नई भर्तियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण, शक्ति का सम्मान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के वेतन में केन्द्र का योगदान दोगुना, फसलों का दाम स्वामीनाथ आयोग के फॉर्मूला से तय होगा, किसान न्याय के अंतर्गत कृषि सामग्रीयों पर जीएसटी हटाया जाएगा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बदलाव, 30 दिन के भीतर भुगतान, एमएसपी को कानूनी दर्जा, किसान को जीएसटी से मुक्त करने, कृषि ऋण माफी आयोग की स्थापना, युवा न्याय अंतर्गत हर डिग्री और डिप्लोमाधारक को 1 लाख प्रतिवर्ष स्टाईपेंड के साथ, अप्रेंटिसशिप की गारंटी जिसमें 30 लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती और पेपर लीक की रोकथाम की गारंटी वाला नया कानून, श्रमिक न्याय एवं हिस्सेदारी न्याय की योजनाओं को डोर टू डोर बताकर जागरूक कैसे करना है इसकी भी रणनीति तैयार की गई साथ ही भारतीय जनता पार्टी के विनाश के दस साल और बढ़ती महंगाई के बारे में जनता को कैसे सच्चाई से अवगत् कराना है इस पर भी बात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे जी, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी, संदीप तिवारी, नरेन्द्र ठाकुर, साधना शर्मा, भारती शर्मा, ममता राय, आशा चौहान, सुनीता शर्मा, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, अंकित मिश्रा, कल्याण साहू, चन्दू देवांगन, प्रीति सोनी, डोमेश शर्मा, दाऊ गोस्वामी, कान्हा साहू, संकल्प मिश्रा, उमेश गुप्ता, मेढ़े जी, सेवा साहू, शिवम, कृष्णा ताम्रकार सहित काफी संख्या में कांग्रेस के साथीगण सम्मिलित रहे।

# बीमार को सलाख से दागना इलाज नहीं, अंधविश्वास है

**रायपुर, 4 अप्रैल।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा ग्रामीण अंचल से इलाज के नाम पर बच्चों को गर्म सलाख और अगरबत्ती से दागना के मामले सामने आए है जबकि यह अंधविश्वास है ऐसे बैगाओं पर कार्यवाही होना चाहिए.



डॉ दिनेश मिश्र ने बताया। जशपुर के पत्थलगांव के माडापर में एक 18 दिन के बच्चे को एक बैगा द्वारा दागने की घटना सामने आई है जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई हैं इसके पहले भी कुछ दिनों से छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश के ग्रामीण अंचल से बच्चों के बीमार होने पर गर्म सलाख से दागने के मामले सामने आए हैं जिनमें से कुछ बच्चों की दुखद मौत तक हो चुकी है इसके पहले छत्तीसगढ के महासमुंद और देवभोग से भी पीलिया की बीमारी के कारण नवजात शिशुओं को गर्म सलाख जिले के से दागने की कुछ घटनाऐं सामने आई थी जिनमें उन बच्चों की भी दुखद मृत्यु हो गई थी. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा नवजात शिशुओं को दागने की घटनाएं अकसर सामने आती है .ग्रामीण शिशु के दूध न पीने, अत्यधिक रोने, बुखार, दस्त, पीलिया होने, जैसी समस्याओं के निदान के लिए दागे जाने के समाचार अक्सर मिलते हैं जिससे शिशु की तबियत और अधिक खराब हो जाती है.और कई बार समय पर उचित चिकित्सा सहायता उपलब्ध न होने पर उनकी मृत्यु भी हो जाती है. ग्रामीण एवम सुदूर आदिवासी अंचल से से भी कुछ समय पहले निमोनिया पीलिया के इलाज के लिए बैगाओं द्वारा सौ से अधिक बच्चों को गर्म चूड़ी से दागने की खबर आई थी, जिसमें अनेक बच्चों की मृत्यु घाव, संक्रमण बढ़ने से हुई थी.लोहे के हंसिये से दागने के भी अनेक मामले आते रहते हैं जबकि यह सब अवैज्ञानिक, तथा उचित नहीं है.

# भाजपा छत्तीसगढ़ी भाषा व संस्कृति का अपमान कर रही: कांग्रेस

**रायपुर, 4 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के वक्तव्य को भाजपा ने तोड़-मरोड़ कर पेश कर स्तरहीन राजनीति करने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष ने इस संबंध में अपना बयान जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नरेन्द्र मोदी के ऊपर हमला करने की बात नही की थी। उन्होने राजनैतिक रूप से मुकाबला करने के लिये वैसी ही मजबूती के साथ उनके सामने खड़ा होने की बात कही और छत्तीसगढ़ी मुहावरे, हाना का प्रयोग किया।



भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ी मुहावरे का छत्तीसगढ़ी हाना का प्रयोग करने के कारण नेता प्रतिपक्ष का माखौल उड़ाने की कोशिश किया है। यह छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति के प्रति भाजपा के रवैये को प्रदर्शित करता है। भाजपा इसके लिये छत्तीसगढ़ की जनता और सरल सहज विनम्र स्वभाव के डॉ. चरणदास महंत से माफी मांगे। भाजपा के पास मुद्दा नहीं है मोदी ने पिछले 10 साल में कुछ काम ही नहीं किया है। बेचारे भाजपाई किन कामों को लेकर जनता के बीच में जाये। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान को जबरदस्ती तोड़-मरोड़ के हवा देने की कोशिश में लगे हुये है। देश की जनता, छत्तीसगढ़ की जनता बेहतर ढंग से जान रही है, मुद्दे से ध्यान भटकाने की कितने भी कोशिश कर रहे। भाजपाई कितनी भी कोशिश कर लें मोदी की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार का जवाब देना होगा। आज भाजपाई खुद को मोदी का परिवार पहला लाठी मुझको मारो कैंपेन लांच किया है तो भारत माता का एक-एक परिवार मोदी के परिवार से पूछना चाहता है कि अच्छे दिन के वायदा कर जनता पर महंगाई बेरोजगारी कुशासन क्यों लादा गया? पत्रकार वार्ता में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेंद्र वर्मा, परवेज अहमद, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

# वृद्ध, निःशक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

**रायपुर, 4 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और निःशक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त



संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग (क्व्2ष्ठ) एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26